CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 87 | जयपुर, गुरुवार 16 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | page 8

# पीएम मोदी ने मातृशक्ति को नई ऊर्जा दी : महिला सशक्तिकरण के लिए कई बड़े कदम उठाए : सीएम

**बिड़ला सभागार में महिला संगठनों की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का ऐतिहासिक आयोजन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मंत्री मंजू बाघमार सांसद मंजू शर्मा भी रही मौजूद, बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में दिखाई उपस्थित, कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल को लेकर अपने मोबाइल फोन से मिस कॉल देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर के बिड़ला सभागार में बुधवार को दर्जनों महिला संगठनों की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, राज्य मंत्री मंजू बाघमार, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं ने अपने मोबाइल फोन से मिस कॉल देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला आरक्षण बिल को लेकर गहरा आभार प्रकट किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे धर्म, सनातन धर्म, संस्कृति और विचारों में मातृशक्ति का प्राचीन काल से ही अहम योगदान रहा है । इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में देश के शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद सबसे पहले महिलाओं के कल्याण और विकास को प्राथमिकता दी और महिलाओं की छोटी-छोटी समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से लिया और उनका निवारण किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2014 से ही देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने कई बड़े ऐतिहासिक निर्णय लिए और ऐतिहासिक योजनाएं महिलाओं के लिए शुरू की जिनका महिलाएं भरपूर फायदा उठा रही हैं जिससे महिलाओं के जीवन में काफी खुशहाली आई है।






## पीएम मोदी ने हर घर शौचालय, हर घर नल और उज्जवला गैस जैसी योजनाएं लाकर महिलाओं का जीवन बना दिया खुशहाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गांव हो या कस्बा पहले महिलाओं को शोच से निवृत होने के लिए रात के अंधेरे का इंतजार करना पड़ता था और सुबह सुबह सूरज उगने से पहले ही जंगल भागना पड़ता था। असहनीय पीड़ा को पीएम मोदी ने दिल से महसूस किया और हर घर में शौचालय का निर्माण करवा कर महिलाओं को पीड़ा से मुक्ति दिलाई। इसी तरह से पहले चूल्हे पर खाना पकाते पकाते महिलाओं की आंखें धुआं से जल्दी ही खराब हो जाती थी यहां तक की बरसात के दिनों में उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती थी इस पीड़ा को भी पीएम मोदी ने दिल से महसूस किया और उज्जवला गैस योजना की सौगात देकर महिलाओं की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पीने के पानी के लिए प्रदेश महिलाओं के काफी दूर-दूर तक पैदल जाना पड़ता था महिलाएं पानी के लिए सिर पर मटकी और अन्य बर्तन का बोझ रखकर लाया करती थी इस पीड़ा को भी पीएम मोदी ने महसूस किया और हर घर नल पहुंचने की योजना उन्होंने देश को समर्पित की इसी तरह से जनधन खाते खुलवाकर उन्होंने महिलाओं का सम्मान किया अन्यथा ग्रामीण और छोटे कस्बे की महिलाएं तो बैंक के बारे में कुछ जानती ही नहीं थी लेकिन देश में महिलाओं के जनधन खाते खुलने के बाद आज ग्रामीण और काशन में रहने वाली महिलाएं भी बैंक के कामकाज के लिए बैंक में आती जाती हैं । इस तरह से अनेक कदम महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए पीएम मोदी ने उठाए हैं जिनकी वजह से महिलाओं की जिंदगी में शानदार बदलाव आया है ।

## पीएम मोदी के प्रयासों से लिंगानुपात के अंतर में काफी कमी आई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में लिंगानुपात में भारी अंतर था जिसकी वजह से समाज में कई तरह की बड़ी-बड़ी चुनौतियां और विषम परिस्थितियों आकर खड़ी हो गई थी। पीएम मोदी ने इसके लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान का शुभारंभ किया जिसमें सरकारी स्तर पर तो प्रयास किए गए ही इसके अलावा सामाजिक संगठनों स्वयंसेवी संस्थाओं इत्यादि सभी के माध्यम से इस अभियान को पूरे देश में शानदार तरीके से संचालित किया गया इसी का परिणाम है कि आज देश में लिंगानुपात में काफी कमी आई है । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि बेटी हमारे देश का गर्व है बेटी का विकास होगा तो देश का विकास होगा यही सोचकर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, खेल, एकाउंट्स, राजनीति, वकालत, इत्यादि सभी क्षेत्रों में जबरदस्त तरीके से कार्य कर रही हैं इसलिए हमें बेटियों के जन्मदिन पर भी शानदार उत्सव का कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ।

## केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने महिलाओं की भलाई और विकास के लिए कई बड़ी योजनाएं शुरू की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से ही केंद्र की मोदी सरकार लगातार महिलाओं की भलाई और कल्याण के लिए नए-नए फैसले और नए-नए हितकारी निर्णय ले रही है और पिछले सवा दो साल में हमारी सरकार ने भी प्रदेश में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने कई कदम उठाए हैं जिसमें महिलाओं के छोटे-छोटे समय बनाकर उन्हें उनके बिजनेस के लिए सरकार की ओर से ऋण दिया जा रहा है जिसका महिलाएं भरपूर फायदा उठा रही हैं और ग्रामीण तथा शहरी दोनों ही क्षेत्र में महिलाएं छोटे-छोटे उद्योग धंधे के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं जिससे अपने परिवार को तो आर्थिक रूप से संबल दे ही रही हैं इसके अलावा प्रदेश और देश के विकास में भी अपनी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना, लखपति दीदी, मिलेनियम दीदी जैसी अनेक योजनाएं हमने शुरू की है जिसका महिलाएं अच्छा लाभ उठा रही हैं और महिलाओं के जीवन स्तर में काफी बदलाव और सुधार हुआ है उन्होंने कहा कि महिलाओं का विकास और उनकी भलाई हमारी सोच और संस्कृति का हिस्सा है इसीलिए हम महिलाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं वर्ष 2014 से पहले महिलाओं के बारे में कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने कभी सोचा ही नहीं लेकिन वर्ष 2014 के बाद देश में महिलाओं की जीवन शैली में जबरदस्त बदलाव आया है यह बदलाव पीएम मोदी की सोच और उनके प्रयासों से ही संभव हुआ है ।

# एक-एक खेत की नपाई कर नुकसान की भरपाई की जाएगी, कोई किसान छूटेगा नहीं : राठौड

**उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बड़े ही आत्मीय भाव से किसानों के साथ किया संवाद, किसान की समस्याएं भी सुनी और उनसे सुझाव भी लिए**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार 15 अप्रैल झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में किसानों से मुलाकात की। हाल ही हुई ओलावृष्टि से इस क्षेत्र के किसानों को तगड़ा नुकसान पहुंचा है। राठौड़ ने खेतों में हुए नुकसान का जमीनी स्तर पर आकलन सुनिश्चित करने और किसानों को समय पर मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि हर किसान का दर्द मेरा अपना है। हर खेत का सही आकलन कराकर एक-एक खेत के नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को आए तूफान के बाद से प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खुद मौके पर जाकर गिरदावरी करें और किसानों से सीधे जानकारी लें। आज हर खेत की नपाई के आधार पर नुकसान का आकलन किया जा रहा है और उसी अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार ने मुआवजे की प्रक्रिया को काफी सरल और प्रभावी बनाया है। अब किसान 14447 पर कॉल कर नुकसान दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा गिरदावरी और मोबाइल



एप के माध्यम से भी मुआवजे के लिए आवेदन संभव है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किसानों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, आप अन्नदाता हैं, आपके बलबूते पर देश चलता है। आपकी मजबूती ही देश की ताकत है। उन्होंने बताया कि सरकार ड्रिप फार्मिंग, पॉलीहाउस, फार्म पोंड जैसी योजनाओं पर सब्सिडी देकर किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है, जिससे वे कम पानी में भी बेहतर उत्पादन कर सकें। राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि फसलों के साथ-साथ पशुधन और पशु शेड के नुकसान को लेकर भी वे राज्य और केंद्र सरकार से बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा फोकस सिर्फ इस बात पर है कि बस आप खुश रहें। पूरे कार्यक्रम में राज्यवर्धन राठौड़ ने किसानों के साथ आत्मीय माहौल में संवाद किया। सहज बातचीत के बीच किसानों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर उनके सामने रखीं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से आएगी जबरदस्त सामाजिक क्रांति, पीएम मोदी का कोटि-कोटि आभार : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि-कोटि आभार प्रकट किया और कहा कि इस अधिनियम से आने वाले सालों में देश में जबरदस्त सामाजिक क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम राजनीति की नहीं बल्कि हर परिवार की सोच को बदलेगा, दिया कुमारी बुधवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बोल रही थी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और निर्देशन से प्रदेश में महिलाओं की भलाई और कल्याण के लिए कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय लिए गए जिनसे प्रदेश में महिलाएं तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं । दिया कुमारी ने कहा कि इस अधिनियम से सांसद और विधानसभा में हर तीसरी महिला सांसद और विधायक के रूप में नजर आएगी जिससे महिलाओं की भलाई और कल्याण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय और योजनाएं लागू हो सकेंगे यह अपने आप में पीएम मोदी का एक ऐतिहासिक निर्णय है जिसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का



कोटि-कोटि आभार प्रकट करते हैं ।उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से किसान गरीब और मजदूर की बेटी जो आज कॉलेज की पढ़ाई पढ़ रही है वह कल प्रदेश और देश के लिए नीति निर्माण करेगी । यह अधिनियम महिलाओं को नई ऊर्जा देगा और महिलाएं और अधिक आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बन सकेगी इस अधिनियम से महिलाएं दुगने उत्साह और जोश के साथ काम करेगी जिसकी वजह से परिवार समाज प्रदेश और देश का तेजी से विकास होगा और आने वाले सालों में बहुत जल्दी ही इस अधिनियम से एक सामाजिक क्रांति की स्थिति देखने को मिलेगी जो समाज प्रदेश और देश को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार पिछले सवा दो साल में महिलाओं की भलाई और कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जो भी योजनाएं और फैसले लेते हैं उनमें सबसे पहले महिलाओं को आगे रखकर ही फैसले लेते हैं इसीलिए पिछले सवा दो साल में प्रदेश में महिलाएं आर्थिक रूप से भी मजबूत हुई है और विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने खुद को साबित करके दिखाया है । यह डबल इंजन की सरकार की नीति और प्रयासों का ही परिणाम है कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं के खिले हुए चेहरे देखकर कहा कि आपके चेहरों को देखकर ही पता चल रहा है कि नारी शक्ति वंदनअधिनियम के लागू होने को लेकर आप कितनी उत्साहित और खुश हैं उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को एक मोबाइल फोन नंबर दिए और कहा कि आप इन नंबरों पर मिस कॉल करके इस महान बिल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करें जिस पर कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं ने अपने मोबाइल फोन से दिया कुमारी के बताएं नंबरों के आधार पर मिस कॉल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गहरा आभार प्रकट किया ।



# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
16 अप्रैल, 2026


## जिले में गुण नियंत्रण अभियान के तहत 14 उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस एवं 4 उर्वरक विक्रेताओं के लिए किए गए लाइसेंस निलम्बित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले मे वर्ष 2026-27 में आगामी खरीफ फसल बुवाई मौसम के दौरान खाद एवं उर्वरक प्रबंधन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने, वितरण व्यवस्था एवं मानक गुणवत्ता के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिष्चित करने, अनुदानित यूरिया का गैर कृषि कार्यो में उपयोग रोकने की दृष्टि से 30 अप्रैल तक गुण नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत जिले में अब तक 78 कृषि उर्वरक आदान विक्रेताओं एवं औघोगिक इकाईयों का निरीक्षण किया गया एवं 6 उर्वरक नमूने आहरित किये गये है। 14 उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक नियंत्रण आदेष 1985 के तहत पायी गई कमियों के आधार पर कारण बताओ नोटिस एवं 2 उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय पर रोक लगाई गई है। साथ ही 4 उर्वरक विक्रेताओं मैसर्स मुस्कान खाद बीज भण्डार माचडी, मैसर्स फतेह खाद बीज भण्डार जटियाना, मैसर्स न्यू यादव खाद बीज भण्डार कस्बा डहरा एवं मैसर्स श्री देव खाद बीज भण्डार प्रतापगढ के उर्वरक लाईसेन्स को निलम्बित किया गया है। उन्होंने जिले के सभी आदान विक्रेताओंको सूचित किया जाता है कि उर्वरक का बेचान निर्धारित दर पर पौस के माध्यम से ही करे। यदि कोई आदान विक्रेता उर्वरक नियंत्रण आदेष 1985 का उल्लधन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## जिला प्रशासन की अनुशंसा पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत राज्य सरकार ने की 4 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत

### हसन खां मेवात नगर में स्पोर्ट्स कॉपलेक्स में विभिन्न खेल मैदान व खेल सुविधाओं के विस्तार के कार्य होंगे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन की अनुशंसा पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति राशि से अलवर शहर में 4 करोड़ रूपये की लागत राशि से खेल सुविधाओं में विस्तार हेतु हसन खां मेवात नगर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अलवर शहर में खेल सुविधाओं में विस्तार में कराए जाने हेतु राज्य सरकार को अनुशंसा की गई थी, जिस पर राज्य सरकार ने योजनान्तर्गत 4 करोड रूपये की लागत से विकास कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु 4 करोड़ रूपये की लागत राशि से हसन खां मेवात नगर में इण्डोर बैडमिंटन हॉल, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, शौचालय, बोरिंग, लाइट व्यवस्था इत्यादि खेल सुविधाएं विकसित कराई जाएगी

## जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने स्कूल में पहुंचकर परखा विद्यार्थियों का शिक्षा स्तर



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर ने बुधवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा छठी के विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी शैक्षणिक क्षमता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ने-लिखने की दक्षता, उच्चारण एवं समझने की क्षमता को बारीकी से परखा। उन्होंने कुछ विद्यार्थियों से गणित के प्रश्न पूछकर उनकी विषय समझ का भी परीक्षण किया। इस प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालय में चल रही शिक्षा की गुणवत्ता का वास्तविक स्तर कि जांच की। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों की बुनियादी शिक्षा—विशेष रूप से पढ़ने, लिखने और गणना कौशल—पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर मजबूत नींव ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। विद्यालय प्राचार्य ने कलेक्टर को भरोसा दिलाया कि दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## डॉक्टर बंसल की रिहाई करने की उठी मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जयपुर के एक निजी अस्पताल निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुजला ब्रांच की ओर से मंगलवार को सभी निजी अस्पताल-क्लिनकों के संपूर्ण चिकित्सा सेवाएं बंद रखी गई। आरजीएचएस सेवा भी स्थगित रखी। डॉ. सोनदेव बंसल की बिना शर्त तत्काल रिहाई करने व आरजीएचएस से संबंधित मामलों में आपराधिक कार्रवाई से पहले एक स्पष्ट व बाध्यकारी एसओपी लागू करने की मांग की। डॉक्टरों ने कहा कि जब तक आरजीएसएस से संबंधित समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक आरजीएचएस सेवाओं का स्थगन जारी रहेगा। अगर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो राज्य के चिकित्सा संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल सहित अनेक कदम उठाएंगे। अध्यक्ष डॉ. एसएन जांगिड़, सचिव डॉ. योगिता सक्सेना व संरक्षक डॉ. एसके छाबड़ा आदि ने जानकारी दी।

## नाथ ने 20 अप्रेल से धरने की मांगी अनुमति

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर कॉमरेड जगदीश नाथ ने आपणी योजना के तहत तोड़ी गई सड़कों को सही करवाए जाने की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन धरने की अनुमति मांगी है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड न. 5 में आपणी योजना के तहत तोड़ी गई सड़कों का पेचवर्क कार्य दीप बाल मंदिर स्कूल से नोरतन घिंटाला के घर तक करवाने के लिए बार-बार मौखिक और ज्ञापन देकर विभाग को अवगत करवाया गया चुका है। लेकिन नगरपरिषद और जलदाय विभाग सड़कों को सही नहीं करवा रहे हैं, जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः जनहित को ध्यान में रखते हुए 20 अप्रेल से धरना दिया जाएगा। धरना जलदाय विभाग के सामने लगाया जाकर विभाग के अधिकारियो की नींद तोड़ने का काम किया जाएगा।

# मीडिया केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को दिशा देने वाला सशक्त स्तंभ है - जिला कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक

### सकारात्मक पत्रकारिता से समाज को नई दिशा देने का आह्वान

### श्रमजीवी पत्रकार संघ का 14वां अधिवेशन, सकारात्मक पत्रकारिता को बताया समय की जरूरत





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ के 14वें वार्षिक अधिवेशन का भव्य आयोजन बुधवार को सूचना केंद्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन, पुलिस, पत्रकारिता और सामाजिक संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह में पत्रकारिता की बदलती भूमिका, समाज निर्माण में मीडिया की जिम्मेदारी और वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मीडिया केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को दिशा देने वाला सशक्त स्तंभ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब पत्रकार सकारात्मक सोच के साथ काम करते हैं, तो वे न केवल समस्याओं को उजागर करते हैं, बल्कि उनके समाधान की दिशा भी दिखाते हैं। डॉ. शुक्ला ने कहा कि प्रशासन को पत्रकारों से मिलने वाला फीडबैक नीतियों को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे आमजन का जीवन स्तर सुधरता है। कलेक्टर ने विशेष रूप से सौर ऊर्जा और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरण अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण समय की मांग है। पत्रकार यदि इस दिशा में जागरूकता फैलाएं, तो हर घर में सौर ऊर्जा का उपयोग और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिल सकता है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आमजन को आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने अलवर के पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 14 वर्षों से लगातार इस अधिवेशन का सफल आयोजन पत्रकारों की एकजुटता और समर्पण का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के पत्रकारों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाई है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि अलवर की पत्रकारिता ने देश को अनेक प्रतिभाशाली पत्रकार दिए हैं। उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है और यह समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग में अपराध के तरीके बदल गए हैं। ऐसे में मीडिया की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करे। एसपी चौधरी ने यह भी कहा कि नशे और अपराध की बढ़ती प्रवृत्तियों को रोकने में मीडिया एक प्रभावी भूमिका निभा सकता है। यदि पत्रकार इन मुद्दों को मजबूती से उठाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। कार्यक्रम में राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश गुप्ता ने संगठन की उपलब्धियों और पत्रकारों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समय की जरूरत है। पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर के महासचिव राजकुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता में निष्पक्षता और विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पत्रकारिता को मिशन के रूप में अपनाएं।

पर्यावरण संवर्धन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक राहुल द्विवेदी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया यदि इस विषय को अभियान के रूप में उठाए, तो व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों और पत्रकारों से जुड़ी विभिन्न मांगों को विस्तार से रखा। इस अवसर पर 'स्मारिका हमारी कलम 2026' और वरिष्ठ लेखक एवं आध्यात्मिक योग गुरु डॉ. रामावतार शर्मा 'आलोक' की पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित राजेंद्र शर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। समारोह में जिले के 21 पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचलन वरिष्ठ पत्रकार श्याम शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया और अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सरस डेयरी के पहले कलाकंद आउटलेट का शुभारंभ, शुध्दता और विश्वास की नई पहचान- नितिन सांगवान





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर की विश्व प्रसिद्ध मिठाई 'कलाकंद' को देशभर में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (सरस डेयरी) द्वारा शहर के पहले कलाकंद आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में भाजपा अलवर दक्षिण जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, उत्तर जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, अलवर डीसीसी अध्यक्ष डॉ मोहित जसवंत यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव एवं एडवोकेट बस्तीराम यादव शामिल रहे। अतिथियों ने फीता काटकर आउटलेट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, डेयरी से जुड़े अधिकारी, दुग्ध उत्पादक तथा शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद चेयरमैन नितिन सांगवान ने कहा कि अलवर का कलाकंद देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, लेकिन उपभोक्ताओं को शुद्धता को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। सरस डेयरी का यह नया आउटलेट अब 'शुद्धता का पता' साबित होगा, जहां पारंपरिक विधि से बिना मिलावट के ताजा कलाकंद उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल केवल मिठाई बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा। सरस उत्पादों के विस्तार से पशुपालकों को बेहतर मूल्य और बोनस मिल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में प्रमुख क्षेत्रों और राजमार्गों पर भी ऐसे आउटलेट खोले जाएंगे, जिससे अलवर का प्रसिद्ध स्वाद देशभर में पहुंच सके। आउटलेट में कलाकंद के साथ-साथ सरस डेयरी के अन्य उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे। आउटलेट संचालक अमित कुमार ने कहा कि मिलावट के इस दौर में लोगों को स्वास्थ्य और शुद्धता को प्राथमिकता देते हुए सरस उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री ऋषिराज शर्मा, मंत्री गगनदीप सिंह, प्रवक्ता मुन्नालाल शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कार्यालय मंत्री मनोज चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी अरुण जैन, मंडल अध्यक्ष सतीश यादव, उमराव लाल सैनी, रविराज चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गर्भस्थ शिशु संरक्षण को लेकर पुजारियों का सम्मान, समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति, अलवर द्वारा स्कीम नंबर-1 स्थित आर्य नगर के राम वाटिका पार्क में बुधवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान पुजारी महासंघ के पदाधिकारियों एवं पुजारियों का सम्मान करते हुए भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, सुभाष सिंगल, अमित शर्मा (केमिस्ट), महेंद्र गोयल, आचार्य राजेंद्र शर्मा एवं सुनीता मित्तल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत समिति के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा द्वारा दुपट्टा पहनाकर किया गया। अपने संबोधन में डॉ. योगेंद्र शर्मा ने गर्भपात के महिलाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित पुजारियों से इस विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। सुभाष सिंगल ने भी धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जागरूक करने पर जोर दिया। सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्था के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा ने कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि पंडित अनिल कुमार शर्मा ने भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को समाप्त करने के लिए पुजारियों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। समारोह में राजस्थान पुजारी महासंघ के आचार्य राजेंद्र शर्मा, योगानंद शर्मा, रघुवीर स्वामी, प्रदीप शर्मा, नाथूराम शर्मा, कंचन शर्मा, पंडित विवेकानंद शर्मा, रमाकांत शर्मा, बृजबिहारी शर्मा, योगेश शर्मा, लोकेश शर्मा, दिनेश शर्मा एवं अनिता जोशी सहित अनेक पुजारियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि यह अभियान स्वामी राम सुखदेव जी महाराज के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और समाज में जागरूकता फैलाना है। आचार्य राजेंद्र शर्मा ने आश्वस्त किया कि वे पूजा-पाठ के माध्यम से भी इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। अंत में जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के कार्यों से जुड़े रहने की अपील की।

## डोडा पोस्त जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 1 लाख 80 हजार रुपए का डोडा पोस्त जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि पहली कार्रवाई हरियासर के पास मेगा हाईवे पर की गई जहां पर नाकाबंदी के दौरान एक बाइक चालक की तलाशी ली गई तो उसके पास 9 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। जिस पर पुलिस ने साहवा के सारायण निवासी 27 वर्षीय कृष्ण कुमार पुत्र धनाराम जाट को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई शहर के बीहड़ बुंगली बालाजी मंदिर के पास की गई जहां पर पुलिस ने सवाई बड़ी निवासी 30 वर्षीय लालचंद पुत्र मेघाराम जाट को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 किलो 538 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जप्त किया है। वहीं थाना अधिकारी ने बताया कि दोनों के पास से जप्त किए गए डोडा पोस्त की कीमत 1 लाख 80 हजार है। दोनों मामलों में एक बाइक को भी जप्त किया गया है। इस कार्रवाई में एसआई ओमप्रकाश यादव, रामकरण सिद्धू, एएसआई कृष्ण देव सिंह कांस्टेबल शिवकुमार, भोजूराम, विनोद कुमार और कांस्टेबल अनिल सैनी की विशेष भूमिका रही।

## फरार चल रहे दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डकैती के मामले में फरार चल रहे दो स्थाई वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि एसआई जगदीश प्रसाद जांगिड़ और हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह ने डकैती के मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी आरोपी हमीरवास के किरतान निवासी 33 वर्षीय मनोज सिंह पुत्र करपान सिंह राजपूत और हमीरवास के खुडिया निवासी टीकू पूनियां और टिंकू कुमार पुत्र विजय सिंह जाट को राजगढ़ इलाका से गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सरदारशहर पुलिस टीम लगातार जगह-जगह दबिश दे रही है और फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी हुई है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर हुआ शिविरों का आयोजन

### शिविर में 192 लाभार्थियों का किया पंजीकरण, 86 आवेदकों द्वारा मौके पर ही किया गया वेंडर चयन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं योजना से होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान करने हेतु विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 192 पंजीकरण किए गए तथा 86 आवेदकों द्वारा वेंडर चयन किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थियों को इंडक्शन कुक टॉप भी वितरित किये गये। जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस. बंसल ने बताया कि अलवर शहर में स्कीम नं. 8 में प्रताप ऑडिटोरियम के सामने, वैशाली नगर में जीएसएस के पास, विज्ञान नगर में टेल्को जीएसएस के पास एवं बुध विहार में स्टैण्ड के पास शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 166 पंजीकरण किए गए तथा 75 आवेदकों द्वारा वेंडर चयन किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थियों को इंडक्शन कुक टॉप भी वितरित किये गये। इसी क्रम में मालाखेडा उपखण्ड के अन्तर्गत आदर्श सौर ग्राम बालेटा में पीएम सूर्य घर योजना के विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 26 पंजीकरण तथा 11 आवेदकों द्वारा मौके पर ही वेंडर चयन किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थियों को इंडक्शन कुक टॉप भी वितरित किये गये।



### यहां होंगे शिविर आयोजित

उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को स्कीम नं. 5 में गर्वनमेंट प्रेस के पास, अम्बेडकर नगर में सामुदायिक भवन, सूर्य नगर व अरावली विहार में सामुदायिक भवन के पास एवं शिवाजी पार्क में हॉस्पिटल के पास, 29 अप्रैल को स्कीम नं. 7 में शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर एवं स्कीम नं. 2 व 3 में गर्वनमेंट स्कूल के पास विशेष शिविरों का आयोजन होगा।

### लाभार्थी ने किए अनुभव साझा

शिविर में पीएम सूर्यघर योजना के तहत मिलने वाले लाभों के अनुभव साझा करते हुए हसन खां मेवात नगर निवासी लाभार्थी अमन गुप्ता ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत डेढ साल पहले सौलर पैनल लगवाया था। सौलर पैनल लगने पर पहले वर्ष बिजली का बिल शून्य आया और अब मेरा बिजली का बिल माइनस साढे सोलर हजार है। मुझे इस योजना से बहुत अच्छा लाभ मिला है। साथ ही आज शिविर में राज्य सरकार की ओर से सोलर कुकर प्रदान किया गया है।

## जिला कलक्टर ने ली बजट घोषणाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक

### जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में 15 दिवस में रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाने का दिया लक्ष्य

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर कार्यों की फेज वार टाइमलाइन निर्धारित कर कार्य करने, कार्यों की फील्ड विजिट और उनकी गुणवत्ता की कड़ी निगरानी करने निर्देश दिए। साथ ही आगामी 15 दिनों में सभी सरकारी कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रेक्चर बनाने के दिशा-निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर ने जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर इन्हें धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका यथाशीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन हो चुका है उनके कार्यों में प्रगति लावे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में टैण्डर एवं वर्क ऑर्डर आदि की प्रक्रिया बाकी है उसे यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्य शीघ्र प्रारम्भ करावे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के साथ-साथ ऐसी बजट घोषणाएं जो सम्पूर्ण राज्य के लिए है, उन घोषणाओं को भी मूर्त रूप देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### सरकारी कार्योलयों में 15 दिवस में रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाने का दिया लक्ष्य

जिला कलक्टर ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है। इसलिए बूंद-बूंद जल के संरक्षण हेतु जिला स्तरीय अधिकारी जिले के सभी 3 हजार से अधिक सरकारी कार्यालयों में विभागीय फण्ड, सीएसआर व जनसहभागिता से आगामी 15 दिवस के अन्दर रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रेक्चर बनवाना सुनिश्चित करें तथा भवनो में पूर्व में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बने हुए उनकी साफ-सफाई एवं मरम्मत आदि करावें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु जल संसाधन विभाग का सहयोग लेवे। बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी के उप सचिव जितेन्द्र सिंह नरूका, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जेवीएनएल के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीणा, सरस डेयरी प्रबंध संचालक उमाशंकर चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जयपुर में संजय मार्केट में टायर के गोदाम में भीषण आग, चार मंजिल मकान में है गोदाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के लाल कोठी थाना इलाके में संजय मार्केट में चार मंजिल मकान में स्थित टायर के गोदाम में अज्ञात कारण की वजह से बुधवार को आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया क्योंकि गोदाम में बड़ी संख्या में टायर रखे हुए थे इसलिए आग तेजी से फैल गई हालांकि सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और युद्ध स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए काफी देर तक दमकल की गाड़ियों ने मौके पर कई फेरे लगाए तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है मौका मुआयना भी किया आग के कारण का पता भी लगाया जा रहा है जानकारी के अनुसार संजय मार्केट में चार मंजिल मकान में यह टायर का गोदाम था जिसमें बड़ी संख्या में टायर रखे हुए थे इसलिए जैसे ही गोदाम में धुआं और अग्नि की लपटे उठती देखी वैसे ही वहां आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में खलबली मच गई इस बीच गोदाम के मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचित किया इसके बाद पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और तुरंत ही आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किए गए जिसमें मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी इस आग से लाखों रुपए का समान जलने की बात सामने आई है

## दहेज लेने के आरोप में पॉलिटिकल साइंस का व्याख्याता सस्पेंड, पत्नी ने दर्ज करवाया था मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के शिक्षा विभाग ने शादी में दहेज लेने के आरोप में पॉलिटिकल साइंस के स्कूल व्याख्याता को सस्पेंड किया है सस्पेंड किया गया स्कूल व्याख्याता दीपक शर्मा है इसके खिलाफ उनकी पत्नी वंदना ने प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले के कुंडेरा थाने में मामला दर्ज करवाया था वंदना ने पुलिस रिपोर्ट में बताया था की शादी के दौरान उनके पति ने दहेज नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया था लेकिन उन्होंने शपथ पत्र का पालन नहीं किया शिक्षा विभाग तक भी जब इस तरह की शिकायत पहुंची तो शिक्षा विभाग ने आरोपी व्याख्याता दीपक शर्मा को सस्पेंड किया और अपने सस्पेंशन पीरियड में दीपक शर्मा चूरू स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय में अपनी उपस्थिति दिखाएंगे जानकार लोगों का कहना है कि शिक्षक का समाज में सबसे उच्च स्थान होता है और शिक्षक एक तरह से बच्चों और समाज के विकास में बड़ा योगदान होता है इसलिए व्याख्याता पद पर नियुक्त दीपक शर्मा ने जिस तरह से शपथ पत्र का उल्लंघन किया वह कानून के हिसाब से तो गलत है ही इसके अलावा शिक्षक पद की गरिमा पर भी उन्होंने प्रहार किया है इसीलिए शिक्षा विभाग ने फिलहाल उन्हें सस्पेंड किया है

## राजस्थान ग्रामीण बैंक में लुटेरों की घुसपैठ, लाकर को नहीं तोड़ पाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के करौली शहर में घनी आबादी इलाके में स्थित राजस्थान ग्रामीण बैंक में लुटेरों ने चोरी का प्रयास किया लेकिन वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाए हालांकि लुटेरों ने बहुत ही चालाकी दिखाते हुए बैंक के दरवाजे के चैनल गेट के ताले को तोड़ा और फिर वहां पर अपना ताला बाहर से लगा दिया ताकि लोगों को किसी भी तरह का कोई संदेह नहीं हो इसके बाद लुटेरे बैंक में अंदर स्ट्रांग रूम तक भी पहुंच गए लेकिन बैंक की तिजोरी और लाकर पर स्थित ताले को नहीं तोड़ पाए क्योंकि तिजोरी और लाकर पर बैंक की ओर से स्थापित किए गए ताले ही सुरक्षित मिले तथा बैंक में अंदर सभी तरह की वस्तुएं भी सुरक्षित मिली और किसी भी तरह की कोई चोरी होने की बात भी बैंक प्रशासन की ओर से नहीं कही गई है हालांकि बैंक प्रशासन की सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर भी पहुंचे हैं और बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर लुटेरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है इसके अलावा इलाके में अन्य जगहों पर भी लगे सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड की जांच पड़ताल करके लुटेरों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन खबर लिखे जाने पर लुटेरों के बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी जानकारी के अनुसार राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा घनी आबादी के बीच स्थित है इसलिए बैंक के बाहर चैनल गेट का ताला तोड़कर बदमाशों की ओर से अपना ताला लगाना और फिर बैंक में चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास करना इस तरह की घटना को देखकर इलाके के लोग काफी चिंतित है लोगों ने मौके पर गए पुलिस अधिकारियों को पुलिस की कड़ी निगरानी करने की बात कही है जिस पर पुलिस के अधिकारियों ने भी लोगों को भरोसा दिलाया है कि पुलिस की व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा तथा इस मामले में लुटेरों को चिन्हित करने का पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है

## महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण ; उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पीएम मोदी का आभार प्रकट किया




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत करणसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम में राठौड़ ने बाबा साहब की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। राठौड़ ने करणसर ग्राम पंचायत में बाबा साहब आंबेडकर चौक के लिए विधायक कोष से हाईमस्ट लाइट लगवाने की घोषणा भी की। जिसका सभा में मौजूद लोगों ने उत्साह से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने सेना के दिनों को याद करते हुए मध्यप्रदेश के महू का जिक्र किया, जो बाबा साहब की जन्मस्थली है। बाबा साहब के पिताजी सेना में सूबेदार थे। भारत की सेना में जब सब एक वर्दी पहन लेते हैं तो सब बराबर हो जाते हैं। एकरूपता की यही सबसे बड़ी विशेषता है सेना की। उन्होंने बताया कि सेना में सभी एक समान होते हैं, एक वर्दी - एक पहचान, यही वास्तविक समानता का प्रतीक है। राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि बाबा साहब ने अपने संघर्षों से निकलकर पूरे समाज के लिए काम किया। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया जो हर वर्ग को समान अवसर देता है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी भी कर रहे हैं, वे महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के प्रबल पक्षधर हैं। मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख भी किया, जिसमें 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे कदम शामिल हैं। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने हाल ही में आरएएस बने अभिषेक मीणा का सम्मान किया। राठौड़ ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में आए नए अधिकारियों पर समाज निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है।

# भाजपा के राज में लोकतंत्र और संविधान खतरे में, डॉ. अंबेडकर का सिर्फ दिखावे में करती है सम्मान : जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रतिपक्ष का नेता टीकाराम जूली ने भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला बोला कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ दलित वोट बैंक की राजनीति के लिए दिखावे के रूप में बाबा साहब का सम्मान करती है भाजपा के मन में बाबा साहब के प्रति बिल्कुल भी सम्मान नहीं है अगर सम्मान होता तो आज संविधान को लोकतंत्र पर भाजपा सरकार इस तरह से हमला नहीं बोलते उन्होंने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है और केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग किया जा रहा है जो सरासर संविधान का अपमान है और यह संविधान बाबा साहब की ओर से ही तैयार किया गया है इसलिए साफ है कि भाजपा सरकार भाजपा का सम्मान नहीं करती । जूली ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बाबासाहेब ने




देश को विश्व का सबसे खूबसूरत और मजबूत संविधान दिया है, जिसकी बदौलत आज हमारा लोकतंत्र जीवित है। उन्होंने बाबासाहेब के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दलितों पिछड़ों और महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि अमेरिका जैसे विकसित देश में महिलाओं को समानता का अधिकार पाने में 100 साल लग गए, जबकि भारत में संविधान लागू होते ही महिलाओं को कानूनन बराबरी का हक मिला। राजस्थान की स्थिति को विकट बताते हुए जूली ने कहा कि प्रदेश में पंचायती राज और नगर निकाय के चुनाव समय पर नहीं कराना सीधे तौर पर संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान में लिखित प्रावधानों को मानने को तैयार नहीं है। ताज्जुब की बात है कि सरकार इन चुनावों को आगे खिसकाने के लिए कोर्ट गई है और एक साल का समय मांग रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद सरकार का यह ढुलमुल रवैया संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जूली ने कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा का बाबासाहेब के प्रति सम्मान मात्र एक ढोंग है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बाबासाहेब की विचारधारा से कभी कोई सरोकार नहीं रहा, लेकिन लोकतंत्र में वोटों की गिनती के कारण वे आज सम्मान का दिखावा करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के मन में गरीबों और पिछड़ों के प्रति कोई जगह नहीं है जिसका प्रमाण कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई जनहितकारी योजनाओं को बंद करना है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार अन्नपूर्णा राशन किट और मनरेगा जैसी योजनाओं को खत्म करने पर तुली है। गरीबों की पेंशन में देरी की जा रही है और आरक्षण को सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने रोस्टर रजिस्टर की पालना न होने और लंबित भर्तियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार की मंशा युवाओं को रोजगार देने या सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की कतई नहीं है। भाजपा केवल सत्ता के मोह में बाबासाहेब के नाम का सहारा ले रही है, जबकि धरातल पर उनकी नीतियों के विपरीत काम कर रही है।

## एसीबी ने महिला ग्राम विकास अधिकारी को 10400 रुपए की रिश्वत लेते दबोचा, ग्राम पंचायत में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले में मऊ बोरदा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पंचायत की ग्राम विकास सचिव रजनी मीणा को 10400 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम गिरफ्तार रजनी मीणा के सरकारी दफ्तर में स्थित सभी तरह के कागजात पत्रावलियां आवेदन पत्र इत्यादि की भी जांच पड़ताल कर रही है एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि रजनी बिना बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं करती थी इसलिए रजनी मीणा की ओर से संपादित किए गए सभी तरह की फाइलों और आवेदन पत्रों की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि किसी फाइल के निस्तारण में नियम और कानून के खिलाफ तो काम नहीं किया है इस बात की छानबीन की जा रही है ग्राम विकास अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद ग्राम पंचायत प्रशासन से जुड़े लोगों में भी हड़कंप मच गया एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी इस बात की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य का हिस्सा तो निश्चित नहीं है ? भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रजनी मीणा है जो ग्राम बोरदा ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पद पर तैनात है जिसने विवाह जोड़ों के पंजीकरण के लिए रिश्वत की रकम मांगी थी और प्रत्येक जोड़े के विवाह पंजीकरण के लिए 500 रुपए की रिश्वत मांगी थी जिसकी शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई गई ब्यूरो के अधिकारियों ने इस शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी रजनी मीणा को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एंटी करप्शन वीरों ने एक कार्य योजना ब्यूरो के अधिकारियों ने इस शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी रजनी मीणा को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एंटी करप्शन विभाग की ओर से कार्य योजना तैयार की गई इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को जैसे ही रजनी मीणा ने रिश्वत के 10400 रुपए लिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ रजनी मीणा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया जानकारी के अनुसार पिछले फरवरी महीने में एक सामाजिक संस्था की ओर से 27 जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया गया था जिनके पंजीकरण के लिए संस्था के पदाधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी रजनी मीणा से संपर्क किया जिस पर रजनी मीणा ने प्रत्येक जोड़े के लिए500 रुपए की रिश्वत की डिमांड की रजनी मीणा ने संस्था के पदाधिकारी से यह कहा बताया कि सरकार की ओर से सामूहिक विवाह के लिए अनुदान दिया जाता है तो फिर उन्हें भी प्रत्येक जोड़े के पंजीकरण के लिए रुपए दिए जाएं ।

## पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल को जेल में जान का खतरा: कोर्ट ने 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** 960 करोड रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से गिरफ्तार किए गए भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी सुबोध अग्रवाल को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश बुधवार को दिए हैं हालांकि बुधवार को कोर्ट में पेशी के दौरान एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से दो दिन की पुलिस रिमांड मांगी गई थी लेकिन अग्रवाल के वकीलों ने इस पुलिस रिमांड का पुरजोर विरोध किया और कहा कि अग्रवाल से लंबी पूछताछ हो चुकी है बार-बार पुलिस डिमांड से अग्रवाल की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है और पुलिस ने कई घंटे की पूछताछ भी कर ली है लंबी बहस के बाद कोर्ट ने अग्रवाल को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए हैं हालांकि अग्रवाल के वकीलों ने कहा है की जेल में अग्रवाल को विशेष सुविधा दी जाए क्योंकि उनकी जान को खतरा है सुबोध अग्रवाल की ओर से कोर्ट में अंतिम जमानत की अर्जी भी लगाई गई थी जिसको कोर्ट ने खारिज कर दिया अब अग्रवाल को 14 दिन तक फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा अग्रवाल के वकीलों का अगला कदम क्या होगा यह देखने वाली बात है हालांकि कहा जा रहा है कि अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में काफी लंबा समय बिताया है उनका खुद का भी कहना है कि उन्होंने 34 साल की अपनी सरकारी सर्विस में कभी भी कोई गलत कार्य है नहीं किया और जल जीवन मिशन घोटाले में भी उन्होंने कोई गड़बड़ी नहीं की है लेकिन भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का कहना है कि जांच पड़ताल में उनके पास अग्रवाल के खिलाफ के सबूत हैं और इस मामले में अग्रवाल की भूमिका बिल्कुल साफ दिख रही है इसलिए उन्हें अरेस्ट किया गया है हालांकि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों का कहना है कि अभी भी बहुत से सवालों पर अग्रवाल से पूछताछ होना बाकी है क्योंकि पूछताछ के दौरान अधिकांश सवालों के जवाब अग्रवाल ने नहीं दिए जिसकी वजह से डाउट और गहरा होता जा रहा है जानकार लोगों का कहना है कि सुबोध अग्रवाल लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से बाहर रहे इस दौरान उन्होंने अच्छे वकीलों के साथ सलाह और चर्चा भी की होगी इसीलिए वह इतने दिनों तक देश में इधर-उधर भागते रहे इसलिए इस पूरे मामले में अग्रवाल अब वकीलों के माध्यम से खुद को निर्दोष साबित करने का प्रयास कर रहे हैं ।

## जल्दी बाजी में बिल पास करवा कर केंद्र सरकार उत्तर और दक्षिण के बीच खाई पैदा कर रही है : अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार की ओर से संसद में प्रस्तुत किए गए महिला आरक्षण बिल को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से पोस्ट करके कहा है कि सरकार जल्दी बाजी में महिला आरक्षण बिल मंजूर करवा रही है जिस देश में उत्तर और दक्षिण के बीच खाई और गहरी होगी गहलोत ने कहा है कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण बिल है और इस पर सभी की सहमति होना और सामूहिक संवाद और चर्चा होना बहुत जरूरी है इस पर सरकार को अंतिम निर्णय लेने से पहले विपक्ष को विश्वास में लेना चाहिए और और इस बिल पर चर्चा होनी चाहिए उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत पिछले कुछ महीनो से लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर रोजाना नए-नए मुद्दों को लेकर हमले बोल रहे हैं गहलोत ने प्रदेश की कानून और शांति व्यवस्था को लेकर भी भजनलाल सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि प्रदेश में हाई कोर्ट और विभिन्न सरकारी दफ्तरों को बम से उडाने की धमकी पिछले कुछ महीनो में कई बार दी जा चुकी है अब राजस्थान विधानसभा को भी इसी तरह की धमकी दी है यह गंभीर विषय है इसके अलावा जयपुर में जिस तरह से गर्भवती महिला के साथ छेड़छाड़ की गई सरे राह जयपुर में महिला को छेड़ा गया प्रदेश भर में डकैती हत्या जैसे संगीत अपराध हो रहे हैं यह दिखा रहे हैं कि कहीं ना कहीं प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज है ही नहीं उन्होंने कहा है कि सरकार को प्रदेश में कानून और शांति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई स्तर पर सुधार की जरूरत है उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं में आपस में मतभेद होने की जो खबरें मीडिया में आती है यह खबरें निराधार है सभी कांग्रेस जन एक है और राजस्थान में हर 5 साल में सरकार बदलती है इसलिए अगली बार हमारी पार्टी की सरकार बनेगी गहलोत ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की लड़ाई सड़कों पर साफ दिख रही है इसलिए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के लिए बयान देने का कोई हक नहीं है ।

## बाबूलाल कटारा के विरुद्ध अभियोजन को स्वीकृति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ अपराध प्रमाणित पाए जाने के फलस्वरूप दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानानुसार अभियोजन स्वीकृति दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले राज्यपाल की ओर से उन्हें निलम्बित किए जाने के आदेश जारी किए गए थे।

## रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी डॉ. आंबेडकर के विचारों को अपना कर समाज और देश की सेवा करें : महाप्रबंधक अमिताभ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय में भारत रत्न, संविधान शिल्पी, समाज सुधारक एवं न्याय के प्रबल पक्षधर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 14 अप्रैल को अंबेडकर की जयंती के कारण कार्यालय में होने की वजह से बुधवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक अमिताभ ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक अमिताभ ने अपने भाषण में रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों से डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समतामूलक, न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की स्थापना हेतु निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब के अदम्य साहस, प्रखर बुद्धिमत्ता और दूरदर्शी सोच से प्रेरणा लेकर हमें भारतीय रेल की गरिमा और सेवा की गुणवत्ता को और ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारी संगठनों और एसोशिएसन के पदाधिकारियों में बी. एल. बैरवा, टी. आर. मीना श्री प्रेमनारायण और भरतलाल मीना ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनमूल्यों पर प्रकाश डाल कर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को भी महाप्रबन्धक द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक,अशोक माहेश्वरी सहित सभी विभागाध्यक्ष, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# तीर्थ यात्रियों को सौगात: भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से कई प्रमुख तीर्थ के दर्शन की व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने श्रद्धालुओं की अपार मांग को ध्यान में रखते हुए पुरी गंगासागर अयोध्या धाम यात्रा ट्रेन चलाने का फैसला किया है ह्व यह यात्रा दिनांक 9/5/2026 को श्री गंगानगर से रवाना होकर वाया हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, रिंगस, जयपुर, भरतपुर, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी और कानपुर से सवारियां लेती हुई जाएगी । इस यात्रा की अवधि 11 दिन की है जिसमे पुरी में जगन्नाथ धाम, कोणार्क का सूर्य मंदिर, गंगासागर तीर्थ, कोलकाता के काली घाट मंदिर, जसडीह में बैधनाथ धाम, गया में महाबोधी मंदिर व विष्णुपद मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा आरती व अन्य स्थानीय मंदिर तथा अयोध्या में रामलला मंदिर व हनुमानगढ़ी तीर्थ जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण सनातनी धार्मिक स्थलों के दर्शन का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी, जयपुर के अपर महा प्रबंधक प्रबंधक योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि यह भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन कई प्रकार की सुविधाओं जैसे तृतीय श्रेणी इकॉनमी वातानुकूलित कोच, आधुनिक किचन-कार, बायो -टॉयलेट्स इत्यादि से सुसज्जित होगी। यात्रियों की सुविधाओं एवं बजट के अनुसार यात्रा को दो श्रेणियों स्टैण्डर्ड व कंफर्ट केटेगरी में विभाजित किया गया है। स्टैण्डर्ड केटेगरी का मूल्य 27,890/- रुपए रखा गया है जिसमे एसी ट्रेन यात्रा, रात्रि विश्राम के लिए नॉन- एसी आवास तथा लोकल ट्रांसपोर्ट के लिए नॉन-एसी बसों की व्यवस्था रहेगी । कंफर्ट केटेगरी का मूल्य 32,065/-रुपए रखा गया है जिसके अंतर्गत एसी ट्रैन के साथ रात्रि विश्राम के लिए एसी आवास एवं लोकल ट्रांसपोर्ट के लिए एसी बसों की सुविधा मिलेगी। यह यात्रा दिनांक 9/5/2026 को श्री गंगानगर से रवाना होकर दिनांक 11/05/2026 को गया पहुँच जाएगी जहाँ यात्रियों को महाबोधी मंदिर व विष्णुपद मंदिर के दर्शन करवाए जायेंगे, दर्शन के पश्चात ट्रैन पुरी के लिए रवाना होगी । दिनांक 12/5/2026 को ट्रैन पुरी पहुंच जाएगी जहाँ यात्रियों को जगन्नाथ धाम के दर्शन करवाए जायेंगे एवं रात्रि विश्राम पुरी में रहेगा । दिनांक 13/5/2026 कोणार्क के सूर्य मंदिर के दर्शन के पश्चात ट्रैन कोलकाता के लिए रवाना होगी । दिनांक 14/5/2026 को ट्रैन कोलकाता पहुंचेगी एवं यात्रियों को बसों के द्वारा गंगासागर ले जाया जायेगा जहाँ यात्री गंगासागर तीर्थ के दर्शन पश्चात रात्रि विश्राम करेंगे दिनांक 15/5/2026 को यात्रियों को कोलकाता ले जाया जायेगा जहाँ यात्रियों को काली घाट मंदिर के दर्शन करवाए जायेंगे एवं दर्शन पश्चात जसडीह प्रस्थान के लिए स्टेशन ले जाया जायेगा । दिनांक 16/5/2026 को ट्रैन जसडीह पहुंचेगी जहाँ यात्रियों को बैधनाथ धाम के दर्शन करवाए जायेंगे एवं दर्शन पश्चात वाराणसी प्रस्थान के लिए स्टेशन ले जाया जायेगा । दिनांक 17/5/2026 को ट्रैन वाराणसी पहुंचेगी जहाँ यात्रियों को काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरिडोर, अन्नपूर्णा देवी मंदिर एवं श्रीगंगा आरती के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रियों का रात्रि विश्राम वाराणसी में ही होगा । दिनांक 18/5/2026 को ट्रैन वाराणसी से रवाना होकर अयोध्या पहुंचेगी जहाँ यात्री नवनिर्मित रामलला मंदिर के साथ हनुमानगढ़ी के दर्शन कर सकेंगे । दर्शन के बाद ट्रेन रात्रि में दिनांक 18/5/2026 को ही ट्रैन वापस श्री गंगानगर के लिए रवाना होगी एवं दिनांक 19/05/2026 को यात्रा की समाप्ति होगी । यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि किसी भी व्यक्ति का इस यात्रा में शामिल सभी धार्मिक स्थलों का एक साथ दर्शन कर पाना असंभव के बराबर है अत: यह टूर पैकेज दर्शनाभिलाषी यात्रियों के लिए एक सुनेहरा मौका है ।कन्फर्म बर्थ के साथ-साथ होटल-आवास, भोजन सुविधा (ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर), पेयजल सुविधा और लोकल ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा भी प्रदान करवाई जाएगी ह्व इंस्युरेन्स के साथ सरकार,पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। यात्री इस पैकेज की विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप्प नंबर 9001094705, 8595930998 से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

### बढ़ते दामों के बीच आम आदमी की जेब पर दोहरी मार




यह विचित्र बात है कि एक ओर सरकार महंगाई को नियंत्रण में रखने का दावा करती है, तो दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी पर जरूरी खर्च में कटौती और आर्थिक परेशानियों के रूप में देखने को मिल रहा है। जब आय के साधन सीमित हों, तो आम आदमी की यही अपेक्षा होती है कि जरूरी वस्तुओं के दाम उसकी पहुंच में हों, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा न हो। मगर हाल के वर्षों में आमदनी उस स्तर पर नहीं बढ़ी है, जितनी तेजी से वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसद हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 फीसद के स्तर पर थी। खबरों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न संकट के कारण खुदरा महंगाई में वृद्धि हुई है। मगर सवाल है कि अगर सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित या स्थिर करने के लिए उचित कदम उठा रही है, तो फिर महंगाई में उछाल कैसे आ रहा है? यह बात छिपी नहीं है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। रोजगार और आय के मामले में देश की बड़ी आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। आमदनी में स्थिरता और घटती क्रयशक्ति की स्थिति में जब आवश्यक वस्तुओं पर आम लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उनके लिए परेशानियां पैदा होना स्वाभाविक है। दरअसल, मार्च में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि उपभोक्ताओं की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। यही कारण है कि रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते वक्त खुदरा महंगाई को ही आधार बनाता है। सरकार का दावा है कि खुदरा महंगाई अभी रिजर्व बैंक के चार फीसद के औसत अनुमान से नीचे बनी हुई है। मगर, यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर महंगाई दर चार फीसद के दायरे से ऊपर जाती है, तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में फरवरी की तुलना में महंगाई दर का बढ़ना पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती प्रभाव का संकेत है। यानी अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध का मोर्चा फिर से खुलता है और यह स्थिति लंबे समय तक रहती है, तो आवश्यक वस्तुओं के दाम किस तेजी से बढ़ेंगे, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में आलू-प्याज और कुछ दालों की कीमतों की महंगाई दर घटी है, लेकिन सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई। बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा महंगाई मार्च में 1.65 फीसद रही, जबकि फरवरी में यह 1.52 फीसद के स्तर पर थी। यानी आम लोगों के लिए राहत कम और मुश्किलें ज्यादा बढ़ी हैं। यही नहीं, शहरी इलाकों में 3.11 फीसद की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 3.63 फीसदी रही, जहां रोजगार और आय के साधन सीमित होते हैं। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस उपाय नहीं किए

## कहानी

### ख़ाला की परेशानियाँ

'अरे ये कमबख्त कव्वा कब से दीवार पर बैठा काएँ पे काएँ करे जा रहा है। तुझे नज़र नहीं आ रहा था, उड़ा इसे। कान खा गया ये तो, कहाँ मर गई रुख़साना? फिर किताबों में सर खपाए बैठी है किसी कोने में, एक तो इस लड़की को चैन नहीं आता। ' 'क्या हुआ फुप्फो जान?' रुख़साना कमरे से किताब हाथ में लिए निकली...

'मैं कहती हूँ मार इस कव्वे को एक जूती रख के।' ख़ाला सकीना ने 'रख के' पर ज़ोर देते हुए कहा... 'क्यों फुप्फो इस बेज़बान पर जुल्म कर रही हैं?'

'अरे ज़ुल्म तो ये कर रहा है। मेहमानों की आमद का चीख़-चीख़ कर ऐलान कर रहा है। महंगाई का इसे पता नहीं कि आज-कल तो खाने के लाले पड़े हैं और ये मनहूस मेहमानों का ऐलान कर रहा है।' ख़ाला भी अपने नाम की एक थीं।

'अच्छा फुप्फो, आपको कव्वों की ज़बान आती है?' रुख़साना ने हैरत से पूछा। 'तुझे पता नहीं कि जब घर में कव्वा चीखे़ तो मेहमान आते हैं?' ख़ाला ने उससे भी ज़्यादा हैरत का मुज़ाहरा किया।

'ओहो फुप्फो ये सब बकवास होता है। ऐसे लोगों को तवह्हुम-परस्त कहते हैं और अगर इत्तिफ़ाक़ से मेहमान आ भी जाए तो क्या हुआ? मेहमान तो अल्लाह की रहमत होते हैं और रही खाने-पीने और महंगाई की बात तो मेहमान अपना रिज़्क़ खुद लाता है। तो फिर आप क्यों टेन्शन ले रही हैं? '

'काहे को टेन्शन न लूँ, आज तक कौन सा मेहमान है जो खुद अपना खाना लाया है साथ। जिसे देखो ख़ाली हाथ ही चला आता है।' ख़ाला कहाँ पीछे रहने वाली थी... 'ओफ़्फ़ो फुप्फो मैं आपको कैसे समझाऊँ... अल्लाह-तआला अपनी क़ुदरत से रिज़्क़ में इज़ाफ़ा कर देता है और मेहमान की आमद पर तो इन्सान को खुश होना चाहिए क्यों कि इससे तो अल्लाह-तआला भी खुश होते हैं। आप खुद सोचें कि क्या हमें खुश नहीं होना चाहिए।

वैसे फुप्फो कोई मेहमान नहीं आ रहा। बे-फ़िक्र हो जाएँ।' रुख़साना अपनी फुप्फो को तसल्ली देकर कमरे की तरफ़ चली गई और ख़ाला उसे जाता देखती रह गईं। रुख़साना अपनी फुप्फो के साथ रहती थी जो खुद भी अकेली थीं। सिलाईयाँ कर के गुज़ारा होता था। रुख़साना पहले यतीम थी, कुछ सालों बाद मिस्कीन भी हो गई तो सकीना ख़ाला ने अपनी भतीजी को अपने पास रख लिया और वो अपने इस फ़ैसले पर बहुत खुश भी थीं। सुबह ख़ाला सब्ज़ी लेने बाज़ार गईं। सख़्त गर्मी में पहले ही दिमाग़ ख़राब हो रहा था, ऊपर से फ़क़ीरों ने नाक में दम कर दिया था। 'हक़ अल्लाह हक़, हक़, हक़। ' काफ़ी देर से सकीना ख़ाला नोट कर रही थीं। एक फ़क़ीर उनके पीछे हक़ हक़ के नारे लगा रहा था। ख़ाला तो भड़क उठीं। 'अरे किस चीज़ का हक़... बिजली के बिल से तुम लोग वाक़िफ़ नहीं, मकान के किराए का तुम्हें नहीं पता। आटे दाल की क़ीमत का तुम लोगों को अंदाज़ा नहीं और कहते हो हक़। मैं कहती हूँ किस चीज़ का हक़ माँगते हो। अरे मेरी बात तो सुनो किधर भाग रहे हो, हट्टे-कट्टे हो, कमाया करो।' ख़ाला पुकारती रह गईं और फ़क़ीर ये जा, वो जा।

ख़ाला अभी दो क़दम आगे बढ़ी ही थीं कि काली बिल्ली ने उनका रास्ता काट लिया। फिर तो ख़ाला के उस रास्ते से गुज़रने का नाम ही पैदा नहीं होता। ख़ाला बे-चारी पंद्रह मिनट का रास्ता छोड़ कर एक घंटे वाले रास्ते पर चल पड़ीं। लेट घर पहुँचने पर जब रुख़साना ने वजह पूछी तो ख़ाला ने बिल्ली को खरी-खरी सुना डालीं। वजह मालूम होने पर रुख़साना बहुत हंसी और फुप्फो को समझाने लगी, 'बिल्ली तो हर गली-नुक्कड़ से गुज़रती है, तो हर किसी पर मुसीबतें तो नहीं आती नाँ? ' 'बेटा तू इन बातों को नहीं समझती, ये हम औरतों की बातें होती हैं।' ख़ाला ने उंगली नचा-नचा कर समझाने की कोशिश की। रुख़साना बेचारी ठंडी आह भर के रह गई। 'बेटा तू ने पहले भी कहा था कि सब बकवास होता है लेकिन वो देखा नहीं था। कव्वा जब काँव-काँव कर के गया।

# कॉरपोरेट जगत की 'द केरला स्टोरी'

*उनकी गिनती करना कठिन है, लेकिन यह समझ लीजिए कि लंदन के ग्रूमिंग गैंग की तरह भारत में जगह-जगह जिहादी सोच वाले युवकों के ऐसे ग्रूमिंग गिरोह सक्रिय हैं, जो दूसरे मजहब की लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने और उनका यौन शोषण करने के बाद उन्हें इस्लाम स्वीकार करने को विवश करते हैं। कई इस्लामिक दावा सेंटर वस्तुतः ग्रूमिंग गैंग ही हैं। ये सबको इस्लामी परचम तले लाने के लिए इतने अधिक जुनून से भरे हैं कि कुछ वर्ष पहले एक दावा सेंटर नोएडा के मूक-बधिर छात्रों का ब्रेनवाश कर मतांतरण करने में लगा हुआ था। इसी प्रकार बलरामपुर, यूपी में छांगुर बाबा नामक एक फकीर छल-बल से हिंदुओं का मतांतरण करने में जुटा था। दीन की दावत देने की सनक पाले इस्लामिक दावा सेंटर किस तरह ग्रूमिंग गैंग सरीखा काम करते हैं, इसकी एक झलक फिल्म 'द केरला स्टोरी' में दिखाई गई थी। इस फिल्म में बताया गया था कि हिंदू लड़कियों का कैसे ब्रेनवाश किया जाता है और किस तरह वेद, पुराण की बातों को मनगढ़ंत बताते हुए देवी-देवताओं को लांछित कर उन्हें यह समझाया जाता है कि एकमात्र सच्चा मजहब इस्लाम ही है, बाकी सब झूठे हैं। फर्जी किस्म के लिबरल-सेक्युलर लोगों को यह फिल्म केरल में ऐसे कई मामले सामने आने के बाद भी रास नहीं आई थी, जो यह बताते थे कि मुस्लिम युवकों ने किस तरह हिंदू एवं ईसाई लड़कियों का ब्रेनवाश कर उन्हें*




उस अजमेर कांड का तो स्मरण होगा ही, जो 1992 में घटित हुआ था और जिसके खुलासे ने देश को हिलाकर रख दिया था। अजमेर में करीब सौ छात्राओं को ब्लैकमेल कर उनका लंबे समय तक यौन शोषण किया गया था। एक छात्रा संग दुष्कर्म के बाद उसके अंतरंग फोटो लेकर उसकी अन्य सहेलियों को चंगुल में फंसाया गया और फिर एक घिनौना सिलसिला कायम हो गया। यह मामला उजागर होने के बाद कई छात्राओं ने आत्महत्या कर ली थी। छात्राओं को ब्लैकमेल कर उनका यौन शोषण करने वाले अजमेर के ख्वाजा गरीब नवाज के खादिम एवं उसके साथी थे और उनकी हैवानियत की शिकार छात्राएं हिंदू थीं। बाद में अजमेर जैसे और भी कांड कई शहरों में सामने आए। एक तो पिछले साल अजमेर के ही विजयनगर में सामने आया, जिसमें हिंदू लड़कियों के यौन शोषण के साथ उनका जबरन मतांतरण कराने की कोशिश की गई। एक अन्य मामला भोपाल में सामने आया। यहां के एक कालेज की कई हिंदू छात्राओं को मुस्लिम लड़कों ने हिंदू नाम से प्यार के जाल में फंसाकर ब्लैकमेल किया और फिर वे उन्हें इस्लाम कुबूल करने के लिए मजबूर करने लगे। देश में अजमेर जैसे कितने कांड हो चुके हैं, उनकी गिनती करना कठिन है, लेकिन यह समझ लीजिए कि लंदन के ग्रूमिंग गैंग की तरह भारत में जगह-जगह जिहादी सोच वाले युवकों के ऐसे ग्रूमिंग गिरोह सक्रिय हैं, जो दूसरे मजहब की लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने और उनका यौन शोषण करने के बाद उन्हें इस्लाम स्वीकार करने को विवश करते हैं। कई इस्लामिक दावा सेंटर वस्तुतः ग्रूमिंग गैंग ही हैं। ये सबको इस्लामी परचम तले लाने के लिए इतने अधिक जुनून से भरे हैं कि कुछ वर्ष पहले एक दावा सेंटर नोएडा के मूक-बधिर छात्रों का ब्रेनवाश कर मतांतरण करने में लगा हुआ था। इसी प्रकार बलरामपुर, यूपी में छांगुर बाबा नामक एक फकीर छल-बल से हिंदुओं का मतांतरण करने में जुटा था। दीन की दावत देने की सनक पाले इस्लामिक दावा सेंटर किस तरह ग्रूमिंग गैंग सरीखा काम करते हैं, इसकी एक झलक फिल्म 'द केरला स्टोरी' में दिखाई गई थी। इस फिल्म में बताया गया था कि हिंदू लड़कियों का कैसे ब्रेनवाश किया जाता है और किस तरह वेद, पुराण की बातों को मनगढ़ंत बताते हुए देवी-देवताओं को लांछित कर उन्हें यह समझाया जाता है कि एकमात्र सच्चा मजहब इस्लाम ही है, बाकी सब झूठे हैं। फर्जी किस्म के लिबरल-सेक्युलर लोगों को यह फिल्म केरल में ऐसे कई मामले सामने आने के बाद भी रास नहीं आई थी, जो यह बताते थे कि मुस्लिम युवकों ने किस तरह हिंदू एवं ईसाई लड़कियों का ब्रेनवाश कर उन्हें मुसलमान बनाया और फिर उन्हें जिहाद के लिए अफगानिस्तान, सीरिया ले जाने की कोशिश की। द केरला स्टोरी को प्रोपेगंडा फिल्म बताना आसान था, लेकिन टीसीएस नासिक दफ्तर में जो कुछ हुआ, उसे किसी के लिए भी नकारना मुश्किल है, क्योंकि यह एक जीती-जागती द केरला स्टोरी ही है। टीसीएस के नासिक कार्यालय में काम करने वाले कुछ मुस्लिम कर्मी एक गिरोह बनाकर कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाली अथवा किसी तरह की पारिवारिक समस्या से ग्रस्त हिंदू महिला कर्मचारियों को प्रमोशन, आकर्षक वेतनवृद्धि का लालच देकर या फिर प्यार का नाटक करके उनका यौन शोषण करने के साथ उनका मतांतरण कराने की कोशिश में लगे थे। इस गिरोह का भांडा तब फूटा, जब एक हिंदू लड़की रोजा रखने लगी। अब सामने आ रहा है कि कई हिंदू लड़कियों को इस्लामी तौर-तरीके अपनाने, मांस खाने और इस्लाम कुबूल करने के लिए मजबूर किया गया। इनका यौन शोषण भी किया गया-किसी का जबरन और किसी के साथ लव जिहाद के जरिये। चूंकि इस गिरोह में एचआर विभाग की एक मुस्लिम महिला भी शामिल थी, इसलिए पीड़ित लड़कियों की शिकायत नहीं सुनी गई और उलटे उन्हें नौकरी से हाथ धोने की धमकी दी गई। आखिर टीसीएस जैसी कंपनी में एचआर विभाग के आगे शिकायत-सुनवाई की कोई व्यवस्था क्यों नहीं थी? क्या यौन उत्पीड़न रोकने वाली समिति यानी प्रिवेंशन आफ सेक्सुअल हैरेसमेंट कमिटी केवल कागजों में थी? टीसीएस टाटा समूह की कंपनी होने के साथ ही देश की सबसे बड़ी आइटी भी कंपनी है। जब ऐसी नामी कंपनी में सुनियोजित तरीके से यौन उत्पीड़न हो रहा था और उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन अन्य छोटी-मोटी कंपनियों का क्या हाल होगा, जहां इस सनक से ग्रस्त कर्मचारी-अधिकारी प्रभावशाली पदों पर बैठे हों कि दूसरे मजहब वालों को येन-केन-प्रकारेण मुसलमान बनाना है या फिर गजवा-ए-हिंद करना है? पहले माना जाता था कि छल-बल, लोभ-लालच से दूसरे मजहब वालों और खासकर हिंदुओं को मुसलमान बनाने की सनक से कुछ मुल्ला-मौलवी किस्म के लोग ही ग्रस्त हैं,

# कई समस्याओं का समाधान है जनगणना

*समय के साथ जनगणना के प्रश्नों का स्वरूप भी बदलता गया। 1872 की अनुसूची में मात्र 17 प्रश्न थे, जिनमें 'कौन कहां रहता है' से अधिक कुछ दर्ज नहीं किया गया था। वहीं 1901 की जनगणना में अंग्रेजी में दक्षता के बारे में पूछा गया, जो औपनिवेशिक दौर की एक विशेष प्राथमिकता थी। हालांकि 2011 तक के अपने पड़ाव में जनगणना ने प्रवासन का इतिहास, प्रजनन रुझान, कामकाज से जुड़ी आदतें और दिव्यांगता से जुड़े विस्तृत आंकड़ों को समाहित करना आरंभ किया। ऐसे में यह कहना उचित ही होगा कि जनगणना राज्य के समक्ष उभरते पहलुओं का प्रतिबिंब ही होती है।*

*देश में 2021 की जनगणना नहीं हो पाई। इसके पीछे एक प्रमुख कारण कोविड महामारी रही, जिसके चलते प्राथमिकताएं एकाएक बदल गई थीं और इतनी बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया संभव होती नहीं दिख रही थी।*

कल्याणकारी राज्य की भूमिका में जनगणना की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण मानी गई है। सदियों पहले अपनी रचना अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने भी यह उल्लेख किया था कि यदि राज्य बेहतर शासन प्रदान करना चाहता है तो उसे अपनी जनता की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए। कौटिल्य का मानना था कि जो राज्य अपने लोगों की गणना नहीं करता, वह अंधकार में शासन करता है। कोविड और कतिपय अन्य कारणों से भारत में भी निरंतर चली आ रही जनगणना की राह में जो अंधकार उत्पन्न हुआ था, वह अंततः छंट गया और इस महीने की शुरुआत से देश में जनगणना की विधिवत शुरुआत भी हो गई है। चूंकि भारत विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है, इसलिए गणना की यह प्रक्रिया भी उसी अनुपात में बहुत विस्तारित रहने वाली है।

इसमें 30 लाख से अधिक गणना करने वाले, पर्यवेक्षक और अधिकारी महीनों तक 140 करोड़ भारतीयों से 33 प्रश्न पूछेंगे। देश के सात हजार से अधिक शहरों और छह लाख से अधिक गांवों में चलने वाली यह विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद होने जा रही है। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि यह पूरी तरह डिजिटल रूप में की जाएगी। सभी भारतीय नागरिक 16 भाषाओं में उपलब्ध एक पोर्टल के माध्यम से स्वयं गणना कर सकते हैं। इसके शुभंकर का नाम प्रगति और विकास रखा गया है। इसके प्रतीकात्मक अर्थ से लेकर इससे जुड़ी आकांक्षाएं भी एकदम स्पष्ट हैं।

जनगणना से जुड़ी परंपरा की जड़ें स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले से जुड़ी हुई हैं। इसका पहला आधुनिक प्रयास ब्रिटिश शासन के दौरान 1865 और 1872 के बीच किया गया। हालांकि तब ऐसी कवायद एक साथ नहीं की गई थी और सभी प्रांतों के बीच इसे लेकर समन्वय का भी अभाव था। वर्ष 1881 में जाकर ही पहली बार अविभाजित भारत में एक साथ जनगणना हो पाई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार



1951 में जनगणना हुई और उसके बाद से इक्का-दुक्का अपवादों के साथ यह क्रम अनवरत रूप से जारी रहा।

समय के साथ जनगणना के प्रश्नों का स्वरूप भी बदलता गया। 1872 की अनुसूची में मात्र 17 प्रश्न थे, जिनमें 'कौन कहां रहता है' से अधिक कुछ दर्ज नहीं किया गया था। वहीं 1901 की जनगणना में अंग्रेजी में दक्षता के बारे में पूछा गया, जो औपनिवेशिक दौर की एक विशेष प्राथमिकता थी। हालांकि 2011 तक के अपने पड़ाव में जनगणना ने प्रवासन का इतिहास, प्रजनन रुझान, कामकाज से जुड़ी आदतें और दिव्यांगता से जुड़े विस्तृत आंकड़ों को समाहित करना आरंभ किया। ऐसे में यह कहना उचित ही होगा कि जनगणना राज्य के समक्ष उभरते पहलुओं का प्रतिबिंब ही होती है।

देश में 2021 की जनगणना नहीं हो पाई। इसके पीछे एक प्रमुख कारण कोविड महामारी रही, जिसके चलते प्राथमिकताएं एकाएक बदल गई थीं और इतनी बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया संभव होती नहीं दिख रही थी। फिर भी कुछ सवाल तो उठते ही हैं कि कोविड से निपटने में 2022 तक स्थितियां काफी हद तक सामान्य हो गई थीं और 2023 से लेकर 2024 तक जनगणना की प्रक्रिया को सिरे चढ़ाने के लिए गुंजाइश भी थी, लेकिन उस मोर्चे पर अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए गए। जो जनगणना अभी आरंभ हुई है उसकी औपचारिक अधिसूचना जून 2025 में आई और उसके 15 महीने बाद यह प्रक्रिया आरंभ हुई है। इसमें कहा जा सकता है कि कभी नहीं से तो देर ही भली, लेकिन देरी को जायज ठहराना थोड़ा कठिन है।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान शासन का ढर्रा 2011 में हुई जनगणना के आधार पर ही चलता रहा, जबकि इस दौरान परिदृश्य बहुत व्यापक रूप से बदलने वाला रहा।

# श्रमिक अशांति

यह शुभ संकेत नहीं कि दिल्ली से सटे गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में श्रमिकों के धरने-प्रदर्शन के साथ पथराव का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों नोएडा में श्रमिकों ने जिस बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ एवं आगजनी की, वह यही बताती है कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश थी, क्योंकि यह सहज-सामान्य नहीं कि यकायक बड़ी संख्या में श्रमिक सड़कों पर उतर आएं और अराजकता का सहारा लेकर लोगों को भयाक्रांत करें। पुलिस की ओर से श्रमिकों के उपद्रव के मामले में साजिश को रेखांकित तो किया जा रहा है, लेकिन आखिर उसे समय रहते इसकी भनक क्यों नहीं लगी? नोएडा में श्रमिकों के बीच असंतोष व्याप्त हो रहा है,



इसका भान शासन को भी होना चाहिए था और प्रशासन को भी, क्योंकि वेतन वृद्धि का मामला कई दिनों पहले और खासकर तब उभर आया था, जब हरियाणा के गुरुग्राम में कामगारों के वेतन में वृद्धि कर दी गई। इसका असर पड़ोसी क्षेत्र नोएडा के श्रमिकों पर भी पड़ा। हालांकि जिलाधिकारी ने उनके असंतोष को दूर करने के लिए बोनस, ओवरटाइम, वेतन भुगतान के समय आदि को लेकर कई निर्णय किए और उनकी शेष समस्याओं पर विचार करने की भी बात कही, लेकिन किन्हीं कारणों से श्रमिक संतुष्ट नहीं हुए। क्या इसलिए कि कोई उन्हें हिंसा के लिए भड़का रहा था? इसकी आशंका इसलिए बलवती होती है कि एक तो उन प्रतिष्ठानों को भी निशाने पर लिया गया, जहां के कामगारों के लिए वेतन में कमी कोई मुद्दा नहीं था और दूसरे गत दिवस घरेलू सहायिकाओं के तौर पर काम करने वाली महिलाएं भी सड़कों पर उतर आईं। आखिर उनका वेतन तो उनकी मांग पर ही तय होता है। आम तौर पर उनके सामने कम पैसे पर काम करने की कोई विवशता नहीं होती। यह ठीक है कि नोएडा में श्रमिकों की हिंसा के बाद राज्य सरकार की ओर से उनके वेतन में वृद्धि के निर्णय के साथ एक ऐसी समिति गठित कर दी गई है, जो उनकी मांगों पर विचार करेगी, लेकिन इस मामले में केंद्र सरकार को भी चेतना होगा, क्योंकि नोएडा की श्रमिक अशांति का असर अन्य राज्यों पर भी पड़ सकता है। देश में श्रमिक अशांति कोई नई बात नहीं है, लेकिन इतना तो है ही कि लंबे समय बाद देश में कहीं पर इतने बड़े पैमाने पर कामगारों ने हिंसा की।

## कबड्डी लीग में 92 टीमों का पंजीकरण, एसडीएम दिलीप सिंह ने किया उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** उपखंड स्तरीय जयपुर कबड्डी लीग प्रतियोगिता बुधवार को वीर हनुमान मार्ग खेल स्टेडियम में आयोजित किया गया। आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए अब तक कुल 92 टीमों का पंजीकरण किया गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन अधिकारी दिलीप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 'एक जिला एक खेल' पहल के तहत जयपुर जिले में कबड्डी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह राज्य सरकार की पंच गौरव योजना का हिस्सा है इसका लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें राज्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना है। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी दी की प्रतियोगिता में चार आयु वर्गों के अंतर्गत आठ श्रेणियां में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में टीमों का पंजीकरण क्षेत्र में कबड्डी के प्रति युवाओं की रुचि को दर्शाता है। इस मौके पर गोविंदगढ़ पंचायत समिति के प्रधान रामस्वरूप यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपानिधि, ब्लॉक विकास अधिकारी सूरजमल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिलाएंगे सचिवालय सेवा अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को सुबह 10:30 बजे सचिवालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास करेंगे। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। समारोह में सचिवालय के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## युवा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार धौलपुर आएंगे अनुपम तिवाड़ी, भव्य स्वागत की तैयारी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** विप्र फाउंडेशन जोन-1 डी के युवा प्रदेशाध्यक्ष अनुपम तिवाड़ी 20 अप्रैल को अपने पैतृक शहर धौलपुर पहुंचेंगे। उनकी इस पहली आधिकारिक यात्रा को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार, अनुपम तिवाड़ी का स्वागत टोल नाके से किया जाएगा, जहां से उन्हें जुलूस के रूप में शहर में प्रवेश कराया जाएगा। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर सामाजिक संस्थाओं की ओर से स्वागत द्वार लगाए जाएंगे और जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित होंगे। गौरतलब है कि युवा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली धौलपुर यात्रा है। नियुक्ति के पश्चात उन्होंने संगठन के संस्थापक सुशील ओझा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एन. श्रीमाली से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। इसके साथ ही मंगलवार को उन्होंने परशुराम ज्ञानपीठ पहुंचकर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश शर्मा का मुंह मीठा करवाया तथा भगवान परशुराम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## गर्मी में आमजन बरतें एहतियात, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट व पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करना तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए। सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाए। शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा में उसे ठंडा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए। जिला कलक्टर ने आमजन से गर्मी के चलते एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें।

# स्कूल भवन नहीं, खुले आसमान तले पढ़ाई: आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया विरोध

### 6 महीने से बिना भवन चल रहा विद्यालय, 10 दिन में समाधान नहीं तो भूख हड़ताल और चुनाव बहिष्कार की चेतावनी






जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती गांव कोच्या की ढाणी में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली ने आखिरकार ग्रामीणों का सब्र तोड़ दिया। मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे सैकड़ों ग्रामीणों ने सांभर-शाकंभरी माता सड़क मार्ग पर जाम लगाकर शिक्षा विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक चले इस जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के कारण रूपनगढ़ से चौमूं और परबतसर से जयपुर जाने वाली बसों के यात्री भी बीच रास्ते में फंस गए। सूचना मिलने पर सांभर थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सत्यनारायण कुमावत, रमेश चंद और राजेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। इसके बाद ब्लॉक शिक्षा कार्यालय से रमेश चंद बासीवल भी मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। धरने का नेतृत्व वार्ड पंच लालाराम गुर्जर और युवा नेता मालचंद चाड ने किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से 10 दिन में ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों ने जाम हटा दिया।

### 6 महीने से बिना भवन चल रहा स्कूल:

ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोच्या की ढाणी के जर्जर भवनों को करीब छह महीने पहले गिरा दिया गया था, लेकिन अब तक नए भवन का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। वर्तमान में विद्यालय के पास एक भी स्थायी भवन नहीं है। बारिश के दौरान स्कूल को शिव मंदिर में शिफ्ट किया गया, जबकि सर्दियों में बच्चों को गांव की दो निजी दुकानों में पढ़ाया गया। अब गर्मी के मौसम में बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही हैं।

### शिक्षकों की कमी से बिगड़ी स्थिति:

विद्यालय में शिक्षकों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। शिक्षक विजय लाल पिछले एक साल से प्रतिनियुक्ति पर हैं, जबकि प्रधानाध्यापक कैलाशी मीणा भी पिछले दो महीने से प्रतिनियुक्ति पर हैं। इससे विद्यालय का नामांकन लगातार घटता जा रहा है और शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें:

ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने कई मांगें रखी हैं, जिनमें शामिल हैं:
शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति तत्काल निरस्त की जाए
विद्यालय भवन निर्माण के लिए 10 दिन में राशि स्वीकृत की जाए
अस्थायी व्यवस्था के लिए टीन शेड लगाए जाएं
विद्यालय को उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत करने की अनुशंसा भेजी जाए

### चेतावनी: अबकी बार निर्णायक आंदोलन:

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 10 दिन के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे विद्यार्थियों के साथ स्कूल परिसर में तेज धूप में भूख हड़ताल करेंगे। साथ ही आगामी चुनावों के सामूहिक बहिष्कार का भी ऐलान किया गया है। इस दौरान जयप्रकाश कोली, नंदाराम चेलरवाल, हरी सोरठ, कैलाश रग्गल, लालाराम गुर्जर, मुकेश हाकला, गोरधन पोसवाल, जयप्रकाश मिस्त्री, हरकरन, बिरदीचंद भड़ाना, बलदेव, हरी डोई, गोपी हाकला, रंगलाल, नारायण, छोटूराम, हरजी, रामचंद्र, देवकरण, बजरंग, सजना, भोली, सुगनी, हरिराम, रघुनाथ, परमेश, लक्ष्मण सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## परशुराम मंगल शोभायात्रा को लेकर व्यापार बैठक में चर्चा

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** श्री लक्ष्मी नाथ जी मंदिर के प्रांगण में बुधवार को परशुराम सेवा समिति व स्थानीय व्यापार मंडल के अध्यक्षों व पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 19 अप्रैल रविवार को निकलने वाली भगवान श्री परशुराम जी की भव्य मंगल शोभायात्रा को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देना रहा।बैठक के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने परशुराम सेवा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समिति ने चौमूं में सभी सनातनी समाजों को एक सूत्र में पिरोकर सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल पेश की है। व्यापार मंडल ने आह्वान किया कि यह आयोजन केवल एक समाज का न होकर पूरे सनातनी समाज का उत्सव है। व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों और नगरवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार इस मंगल शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य के सहभागी बनें। शोभायात्रा के मार्ग में व्यापारियों की ओर से भव्य स्वागत और पुष्प वर्षा की तैयारियों पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन सैनी, मनीष गोयल, अशोक सिंगोदिया, पवन सैनी, अशोक रेवड़का, गोपाल झालानी, सुरेश शर्मा, राम बिहारी वशिष्ठ, नारायण शर्मा, गोविंद अग्रवाल, सत्यनारायण पुजारी, अमित खंडेलवाल, रामस्वरूप, जगदीश, कन्हैया लाल थावरिया, महेंद्र विजय, कैलाश बजाज, अनिल बलेसरा, राजकुमार शर्मा, अनिल अग्रवाल सहित अनेक लोग व्यापारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दरकती दीवारें, झरता प्लास्टर... जर्जर स्कूल में जोखिम भरी पढ़ाई

जयपुर टाइम्स




सांगानेर(निस)। जयपुर जिले के दहमी कला क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, डाबर की ढाणी की बदहाल स्थिति बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। शिक्षा के इस मंदिर की छत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जहां मासूम छात्र-छात्राएं हर दिन खतरे के साए में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

विद्यालय भवन की दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, जबकि छत से प्लास्टर झड़ने की घटनाएं आम हो गई हैं। कक्षाओं के भीतर बैठना तक जोखिम भरा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद स्कूल में नियमित रूप से पढ़ाई जारी है। ऐसे हालात में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हालात यह हैं कि अभिभावक रोज डर के माहौल में अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह स्थिति केवल एक स्कूल तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी स्कूलों की बदहाल व्यवस्था की झलक है। एक ओर सरकार बेहतर और सुरक्षित शिक्षा का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर बच्चों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं हो पा रही।

ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि विद्यालय भवन की तत्काल मरम्मत करवाई जाए या फिर नया भवन निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

फिलहाल प्रशासन की अनदेखी के चलते हालात जस के तस बने हुए हैं, और समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे में बदल सकती है।

## सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक ने किया पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स




**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र कोटखावदा के काशीपुरा के श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विनीत धाम प्रणेता विद्या वारिधी पट्टाचार्य 108 विनीत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। अध्यक्ष बाबू लाल गोधा व मंत्री विनोद गंगवाल ने बताया कि पट्टाचार्य श्री ससंघ के सानिध्य तथा विधानाचार्य पं. विमल कुमार जैन बनेठा के निर्देशन में 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक काशीपुरा में आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन सहकारिता राज्य गौतम कुमार दक ने किया। विमोचन के मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष विनोद जैन, कार्यकारिणी सदस्य चेतन जैन , काशीपुरा समाज के मंत्री विनोद गंगवाल, दीपक गोधा, अमन जैन कोटखावदा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर समाज बन्धुओं ने माननीय मंत्री व राजस्थान जैन सभा जयपुर के पदाधिकारियों को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर काशीपुरा में होने वाली भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण पत्र भी दिया। प्रचार प्रसार संयोजक दीपक गोधा एवं अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में सानिध्य प्रदान करने के लिए पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ससंघ का काशीपुरा के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार 19 अप्रैल को प्रातः 8.00 बजे विशाल जुलूस के साथ भव्य मंगल प्रवेश होगा।

## मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा अंबेड़कर संघ ने मनाई अंबेड़कर जयंती

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चिकित्सा अंबेड़कर संघ चूरू के बेनर तले मंगलवार शाम को पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की 135वीं जंयती हर्षोंल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप प्राचार्य डॉ. रमाकांत वर्मा रहे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने डॉ. अम्बेड़कर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अम्बेड़कर के पद चिन्हो पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा जगत में जोर देकर समाज का विकास किया। इस अवसर पर डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. सुभाष राठी, डॉ. विजेंद्र गहनोलिया, संदीप धौलपुरिया, मुकेश बावलिया, मुकेश कांटीवाल, आनंद शर्मा, सन्ने सिंह, लखेंद्र सिंह, चीन्नू, झिंडुराम महिचा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा अंबेडकर संघ के सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ताराचंद मेघवाल ने किया।

# भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के मोरीजा रोड बलाई सभा-भवन पर बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं की ओर से भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सभी अतिथियों, पदाधिकारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर साहेब के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिन मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि बराला हॉस्पिटल के एमडी डॉ. श्रवण बराला ने बताया डॉ. अंबेडकर ने दलितों और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया व महिलाओं को शिक्षित होने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने हिंदू धर्म में व्याप्त जाति प्रथा और छुआछूत का विरोध किया और मानवतावादी मूल्यों के कारण बौद्ध धर्म को अपनाया। समारोह के मुख्य आकर्षण पुलिस उपाधीक्षक सोनचंद लाडणा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक और धार्मिक विकास की कूंजी मानते थे, उनका नारा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। समिति संरक्षक सेवानिवृत एडीएम केआर बुनकर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती व पुण्यतिथि तक ही सीमित नही रहे,उनके विचारों व आदर्शों पर भी अपनाए। अति विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार खंडेलवाल, समाजसेवी रामप्रताप ढेबाणा, विशिष्ट अतिथि गोपीराम महरड़ा, दी बार एसोसियशन अध्यक्ष चरणसिंह चौधरी व समिति संरक्षक रामकिशोर राय, डॉ. चिरंजीलाल परिहार, सीमा शुल्क व केंद्रीय जीएसटी अधीक्षक रामजीलाल महरडा, पूर्व आरएसीएस नंदलाल सोरेला, समाजसेवी मुकेश कुमार कालोया, प्रशासक सुल्तान बुनकर, समाजसेवी गणेशचंद बगवाड़िया, सहसंयोजक राज परिहार, कालूराम सामरिया ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व सभी अतिथियों का समिति समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष नानगराम लूणिवाल व पदाधिकारियों ने माला साफा व डॉ. अंबेडकर का छायाचित्र भेंटकर सम्मान किया। अंतर्राष्ट्रीय कलाकार अशोक पहाड़िया व रवि कुमार बैरवा की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर, रामदेव महाराज की झांकियों सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सभी का मनमोह लिया। बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल हरसोलिया की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता देवी ने समिति को एक अलमारी भेंट करने पर उनका माला, शॉल व डॉ. भीमराव अंबेडकर का छायाचित्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही कार्यकर्ताओं व उपस्थित मातृशक्ति का सम्मान किया। मंच संचालक राजकुमार इंद्रेश ने किया।

# शेखावाटी की पहली स्मार्ट सिटी, 30 करोड़ रुपए में मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ होगी तैयार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शेखावाटी की ऐतिहासिक धरोहर मंडावा को अब आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके लिए करीब 30 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रस्तावित किए हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत झुंझुनूं जिले का मंडावा कस्बा शेखावाटी की पहली स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित होगा। परियोजना के अंतर्गत मंडावा की प्रसिद्ध हवेलियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जिससे पर्यटकों को नया और रोचक अनुभव मिलेगा। हवेलियों के बाहर साउंडेबल क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। पर्यटक कोड स्कैन करते ही संबंधित हवेली का इतिहास सुन सकेंगे। यह सुविधा पांच-छह भाषाओं में उपलब्ध होगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक अपनी



भाषा में जानकारी प्राप्त कर सकें। पूरी व्यवस्था एआई आधारित होगी, जिससे जानकारी सरल और आकर्षक तरीके से उपलब्ध होगी।

### पुराने रंग-रूप में लौटेंगी हवेलियां:

परियोजना के तहत हवेलियों के मूल स्वरूप को भी पुनर्स्थापित किया जाएगा। इसके लिए हवेली मालिकों से समन्वय कर पारंपरिक रंगों और शैली को फिर से जीवंत किया जाएगा। इससे मंडावा की ऐतिहासिक पहचान और अधिक निखरेगी।

### टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर बनेगा:

पर्यटकों की सुविधा के लिए मंडावा में आधुनिक टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। यहां स्थानीय दर्शनीय स्थलों, ठहरने की व्यवस्था, गाइड और अन्य सुविधाओं की समग्र जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी।

### पीपीपी मोड पर बनेगी फिल्म सिटी:

मंडावा को फिल्म सिटी के रूप में विकसित करने की भी योजना है। पीपीपी मोड पर प्रस्तावित इस फिल्म सिटी से क्षेत्र को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। मंडावा पहले से ही फिल्म शूटिंग के लिए पसंदीदा लोकेशन रहा है। यहां 'बजरंगी भाईजान' और 'पीके' सहित कई फिल्मों, म्यूजिक वीडियो व विज्ञापनों की शूटिंग हो चुकी है। फिल्म सिटी बनने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पर्यटन को भी गति मिलेगी।

### आज होगी अहम बैठक:

परियोजना को लेकर गुरुवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में बैठक प्रस्तावित है। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होकर योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। मंडावा को शेखावाटी की पहली स्मार्ट सिटी बनाने की योजना है। इसके तहत करीब 30 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। साथ ही पीपीपी मोड पर फिल्म सिटी स्थापित करने का भी प्रस्ताव है।

**नरेंद्र गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी, जयपुर**

## गाड़ी के टायर के नीचे से आने वन विभाग कर्मचारी की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत रात्रि को करीब 8 बजे ताल छापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य में स्थित तालाब के पास खडी गाड़ी ढलान होने के कारण पीछे खिसकने से उसके टायर के नीचे आकर केटल गार्ड सोहनराम (59) पुत्र मालाराम जाट, निवासी भोमपुरा, साण्डवा गंभीर घायल हो गए। जिनको साथी कर्मचारी सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आए, जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, मनोज प्रजापत आदि ने इमरजेंसी में भर्ती कराया। जहाँ डॉ. रामरतन बिस्सू ने सोहनराम को मृत घोषित कर दिया। छापर पुलिस को सूचना दी गई। श्याम स्वर्णकार की सहायता से शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। बुधवार सुबह छापर थानाधिकारी इन्द्रलाल शर्मा ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों के अलावा वन विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। छापर पुलिस मामले की जाँच कर रही है।



## लेब टेक्नीशियनों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय लेब दिवस



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जैकारिस जैनशन के जन्मदिवस को अंतर्राष्ट्रीय लेब दिवस के रूप में मनाया गया। राजकीय बगड़िया उपजिला चिकित्सालय व एमसीएच विंग में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जैकारिस जैनशन को याद करते हुए उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में लेब टेक्नीशियन संवर्ग के अशोक सोनी, सुरेश सेन, अमित शर्मा, सुमित पंवार, योगेश जांगिड़, रामदयाल सोलेरा, वासुदेव शर्मा, सुनील सैन, पूजा सैन, जया चौधरी, नवरत्न, राशिद, अविनाश, खुशी, धनेश, चंद्रप्रकाश, इरफान शेख, यशोदा आदि कर्मचारी मौजूद रहे। अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के चूरू जिलाध्यक्ष राजेश गौड़, अशोक सोनी, सुरेश सेन आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के श्याम सुंदर सोमानी ने अपने पिता जीवनलाल सोमानी व धर्मपत्नी दुर्गा देवी सोमानी की पुण्य स्मृति में कस्बे के निजी शिक्षण संस्थान में एक वाटर कूलर भेंट किया, जिसका भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शिक्षण संस्थान के संचालक कृष्ण कुमार कस्वां ने इस नेक कार्य के लिए विद्यालय स्टाफ की और से सोमानी परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पंकज सोमानी, विनय सोमानी, केशव सोमानी, कैलाश चाचान, हरी इंदौरिया, गोपाल स्वामी, गुलाब सोलंकी, शिव कुमार शर्मा, दीनदयाल सरावगी सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## परिंडे लगाकर पक्षियों की प्यास बुझाने का लिया संकल्प



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** लुमास का बास स्थित शिवजी के मंदिर में बुधवार को आम चौक पर पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंडे बांधे गए। पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंतीके उपलक्ष में खून देने वाले युवाओं के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी लोगो को जागरूक किया गया। बताया कि पक्षियों की सेवा करना ही व्यक्ति का पहला कर्तव्य होता है। सेवा करनें से मन को तो शांति मिलती ही है।ओर सकारात्मक विचार आते है। ऐसे पवित्र कार्य करने से भगवान भी खुश होकर अच्छे कार्य करने की शक्ति देते है। इसलिए हमे पर्यावरण और पक्षी मित्र बनकर रोज उनकी सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर सतीश बुगालिया, अनिल हुड्डा, रमेश बिशु, पवन कालेर, कमलेश गोदारा, बाबूलाल सैनी, अशोक जांगिड़ आदि ने पक्षियों के परिंदे को भरने की जिम्मेदारी ली।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा माहौल

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में ज्ञान केलिया सेवा के तत्वावधान में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आगराराम बारूपाल ने की। समारोह में मंचस्थ अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन हंसराज पारीक, गोपाल मारू (पूर्व चेयरमैन), कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर, मोहम्मद शरीफ छीपा, भाजपा नेता पवन बोथरा, कामगार समाज के लालचंद प्रजापत, भीम आर्मी के श्रवण बारूपाल, मेघवाल महासभा अध्यक्ष कालूराम तंवर, पार्षद मिर्जा राम, ताराचंद वाल्मीकि, पूर्व प्रतिपक्ष नेता मोहनलाल, सावरमल खटीक, बिरदीचंद प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत एवं लाभचंद सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गोपाल मारू ने बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी द्वारा बनने वाले दो कमरों का शिलान्यास किया जाएगा। हंसराज पारीक, लाभचंद सोनी, कामरेड भादर भाम्भू, रोहित कुमार प्रजापत, मोहम्मद शरीफ छीपा एवं मोहम्मद जब्बार खोखर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

## अबला नहीं सबला नारी': झुंझुनूं में महिला मोर्चा की रैली, 33% आरक्षण को बताया ऐतिहासिक कदम

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में 'सशक्त भारत, सशक्त नारी' थीम पर शहर में विशाल रैली और नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और देश के विकास में उनकी भागीदारी को मजबूत करना रहा। रैली का नेतृत्व भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं महिला मोर्चा जिला प्रभारी अरुणा सिहाग ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू तथा पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कहा कि आज की महिला अब अबला नहीं बल्कि सबला बन चुकी है। महिलाएं घर की चौखट लांघकर देश सेवा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय ऐतिहासिक है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं अब नीति




निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वहीं विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि भाजपा हमेशा से नारी शक्ति के सम्मान और उत्थान के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं की वीर प्रसूता भूमि पर महिलाओं का उत्साह यह दर्शाता है कि वे अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना और लखपति दीदी योजना जैसी सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूती मिली है। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने रैली के माध्यम से शहर में जागरूकता का संदेश दिया और नारी सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया।

## सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर मंड़ावा में जश्न

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद झुंझुनूं जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बुधवार को फतेहपुर बस स्टैण्ड के पास सिंघासन हवेली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने किया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जताई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान 'सम्राट चौधरी जिंदाबाद' के नारे भी लगाए गए। भाजपा नेता संजय परिहार ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। सम्राट चौधरी के नाम की घोषणा के बाद जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की और इसे संगठन के लिए गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा, सुनील सैनी, संदीप परिहार, कैलाश पीपलवा, अलोक शर्मा, बबलू भाया, ज्ञानचन्द कुमावत, बाबूलाल, राकेश, सुभाष, सुरेश, सोयल रंगरेज, हीरा भाया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## छापर में भजन संध्या कल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती छापर कस्बे में 17 अप्रेल को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान कॉलेज जयपुर के पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवप्रसाद जाट ने बताया कि भजन संध्या में झारिया धाम चूरू के संत आकाशनाथ महाराज की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रमेश कुमार रूहील की स्मृति में छापर के वार्ड नंबर 1 में यह आयोजन होगा।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churun.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक:- न.पा.रा./2025-26/81 दिनांक- 10/04/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजरथान नगरपलिका अधिनियम 2009 की धारा कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति गय दस्तावेजो के अंदर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| कस. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमान रविन्द्र सिंह, सवाईसिंह राजपुत | वार्ड न. 04 | 192.75 वर्गमीटर | 134 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सावर पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 14 दिनांक :-15.04.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2026-27 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक/ फर्म से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//eproc.rajasthan.gov.in एवं https// sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN PDN2627SSOB00016

प्रशासक
ग्राम पंचायत सावर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सावर

**कार्यालय ग्राम पंचायत भानीपुरा पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 22 दिनांक-15.04.2026

**निविदा सूचना 2026-27**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2026-27 में विभन्न कार्यों के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है । उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN PDN2627SSOB00013

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भानीपुरा

प्रशासक
ग्राम पंचायत भानीपुरा

**Office Gram Panchayat Mandoli, P.S. Neem Ka Thana (Sikar)**

Sr. No : Date :

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material & Providing Equipment for F.Y. 2026-27 Gram Panchayat Mandoli, P.S. Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 16.04.2026, 09:00 AM to 25.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be viewed on the procurement portal (http:// eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 45,00,000/-.
UBN No. - PIQ2627GLOB00023.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मंढोली

प्रशासक
ग्राम पंचायत मंढोली

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2026/195 दिनांक :– 07.04.2026

**:–ई–निविदा सूचना–2026–27:–**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 20.04.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2627WSOB00861), (DLB2627WSOB00862) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद, सुजानगढ
राज.संवाद/सी/26/801

# राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
16 अप्रेल, 2026


## छात्रावास के नवीन भवन का वर्चुअल लोकार्पण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती 2026 के उपलक्ष्य में 11 से 14 अप्रैल तक विभिन्न विभागों की ओर से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का सफल एवं सुचारू आयोजन किया गया। जिला परिवीक्षा व समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डीओआईटी के वीसी कक्ष में किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में जिले के विभाग द्वारा राजकीय अंबेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सरमथुरा धौलपुर भवन का माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, शिवचरण कुशवाह ने विभाग की ओर से जारी भुगतान स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदीप शर्मा बने लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के चुनाव आईएमए हॉल भीलवाड़ा में संपन्न हुए। संघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह तंवर ने बताया कि जिला अध्यक्ष का 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर अध्यक्ष के चुनाव करवाए गए जिसमें 136 कुल मतदाताओं में से 95 सदस्यों ने मतदान किया। संदीप शर्मा लैब टेक्नीशियन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कास्या ब्लॉक बिजौलियां को 75 मत प्राप्त और चंद्र कुमार शर्मा वरिष्ठ तकनीकी सहायक महात्मा गांधी हॉस्पिटल भीलवाड़ा को 20 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा ने 55 मतों से संदीप शर्मा को विजय घोषित किया। शर्मा के अध्यक्ष बनने से जिले भर के लैब टेक्नीशियन व प्रयोगशाला सहायकों में हर्ष व्याप्त हैं। शर्मा को वर्तमान जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा, भागचंद सोनी, दिनेश चंद्र शर्मा, गोवर्धन सिंह शेखावत, आत्माराम धाकड़, उदयवीर सिंह, कानावत, अशोक सोनी, नवीन मीणा, कमलेश मीणा, राहुल खटीक, अर्जुन सिंह तोमर, भेरूलाल साहू ने साफा बंधवाकर बधाई दी। वहीं महिला प्रकोष्ठ की तरफ से अंजू सोमानी, हिना धवल, वर्षा सांखला, शिवानी जीनगर व भाग्यश्री ने पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी।



## कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन 18 अप्रैल शनिवार को किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि परीक्षा का आयोजन निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, पर्यवेक्षण व निगरानी, नकल अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 एवं आयोग द्वारा जारी अन्य परीक्षा संबंधी नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय पर विविध जानकारी के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 का 18 अप्रैल को प्रथम पारी प्रातः 11 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 51 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष नम्बर 05642-220033 रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य रहेगें। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष 16 एवं 17 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक तथा परीक्षा तिथि 18 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्यरत रहेगा।

## विधिक जागरूकता शिविर, साइबर सुरक्षा व दहेज कुप्रथा पर दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन में स्कूली विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूस्डे' अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य किशोर छात्रों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना है। इस क्रम में सचिव रेखा यादव एवं प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी हर्षल वर्मा की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोरदनियाल, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अनमोल तंवर की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विरौंधा, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अभिषेक गुर्जर की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बीलपुर तथा प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी तनुराग सिंह चौहान की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विपरपुर में शिविर आयोजित किए गए। शिविर में विद्यार्थियों को बताया गया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। अनजान लिंक पर क्लिक न करने, बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने तथा फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया हैकिंग से बचाव के उपाय विस्तार से समझाए गए। साथ ही साइबर अपराध होने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 'कोर्ट वाली दीदी' सुझाव पेटिका के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें विद्यार्थी छेड़छाड़, दबाव, डर या साइबर से जुड़ी समस्याएं लिखकर डाल सकते हैं, जिनका समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा। इसके साथ ही नालसा की थीम 'एक मुट्ठी आसमान' के तहत विद्यार्थियों को समान न्याय, शिक्षा का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार व सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अधिकार के बारे में बताया गया। दहेज प्रथा के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे सामाजिक बुराई बताते हुए कहा गया कि दहेज लेना और देना दोनों ही कानूनन अपराध है, जो कई बार घरेलू हिंसा और गंभीर अपराधों का कारण बनता है। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया गया।

# आखातीज पर प्रशासन सख्तः बाल विवाह रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, तहसीलदारों व सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया व 1 मई को पीपल पूर्णिमा पर होने वाले संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए पुख्ता इन्तजाम करें तथा इसमें किसी भी प्रकार की कोत्ताही नही बरतें। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया (आखा तीज) व 1 मई को पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वों तथा अबूझ सावों पर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाहों के आयोजन की संभावनाएँ रहती हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह अपराध है जिसकी रोकथाम के लिए आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने के प्रावधान हैं जिससे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोका जा सकें। उन्होंने बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम व तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वृत्ताधिकारियों, थानाधिकारियों पटवारियों, भू-अभिलेख निरीक्षकों, ग्राम पंचायत सदस्यों, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षकों, महिला अधिकार अभिकरण व महिला एवं बाल विभाग परियोजना के अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के शिक्षक, नगरीय निकाय के कर्मचारी, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, सरपंच व वार्ड पंचों के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जन को जानकारी कराते हुए जन जागृति उत्पन्न करने के साथ ही बाल विवाह रोके जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों (उपखण्ड मजिस्ट्रों) को निर्देशित किया कि बाल विवाहों की प्रभावी रोकथाम के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा कार्यालय में बाल विवाह रोकथाम के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित करें साथ ही 181, पुलिस नियंत्रण कक्ष 100, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत प्राप्त होने पर प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

### *संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए इस प्रकार बनाए कार्य योजनाः*

*जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित विभिन्न सहायता समूह, महिला समूह, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, महिला सुरक्षा सखी, साथिन सहयोगिनी के कोर ग्रुप को सक्रिय किया जाए। विवाह सम्पन्न कराने में सहयोगी व्यक्ति या समुदाय यथा-हलवाई, बैण्ड-बाजा वाले, पण्डित, बाराती, टेन्ट वाले, ट्रांसपोर्टर इत्यादि से बाल विवाह में सहयोग न करने का आश्वासन लेना और उन्हें कानून के बारे में जानकारी देना, जन प्रतिनिधियों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ चेतना बैठको का आयोजन करना तथा ग्राम सभाओं में सामूहिक रूप से बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में चर्चा कर रोकथाम की कार्यवाही करना, बाल विवाह की रोकथाम के लिए किशोरियों, महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न विभागों के कार्यकर्त्ता जैसे स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, कृषि, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर इनके कार्मिकों को बाल विवाह होने पर निकट के पुलिस स्टेशन में सूचना देने के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया व पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावों पर जिला व उपखण्ड कार्यालयों में नियंत्रण कक्ष स्थापित करें जो 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे तथा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया जाए। विद्यालयों में बाल विवाह के दुष्परिणामों व इससे संबंधित विधिक प्रावधानो की जानकारी दी जाए तथा सामूहिक चर्चा से मिली जानकारी के आधार पर गांव व मोहल्लों के उन परिवारों में जहां बाल विवाह होने की आशंका हो, समन्वित रूप से समझाईश की जावें तथा यदि आवश्यक हो तो कानून से बाल विवाह को रोका जाए। प्रिन्टिंग प्रेस वाले वर-वधु की जन्म तिथि का प्रमाण पत्र अवश्य ही ले,विवाह के लिए छपने वाले निमन्त्रण पत्र के लिए वर-वधु की आयु का प्रमाण प्रिन्टिंग प्रेस वालो के पास रखने अथवा निमन्त्रण पत्र पर वर-वधु की जन्म तिथि प्रिन्ट किए जाने के लिए प्रिन्टिग प्रेसों को पाबन्द किया जाए।*

**बाल विवाह रोकथाम के लिए इन पर की जा सकेंगी शिकायतः**

बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला व उपखण्ड कार्यालयों में स्थापित नियंत्रण कक्ष, चाइल्ड हैल्पलाइन नम्बर 1098, 181 कॉल सेन्टर तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 नम्बर पर कॉल कर कभी भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

## जनगणना 2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए जिले के 46 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दो चरणों में 15 से 17 अप्रैल व 20 से 22 अप्रैल तक प्रातः 9.30 से सायं 6 तक आयोजित किया जा रहा है जिसके प्रथम चरण का आयोजन 23 फील्ड ट्रेनर्स को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के उद्बोधन के साथ किया जिसमें जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिसके माध्यम से देश की सामाजिक आर्थिक एवं जनसंख्या से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। उन्होने सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें एवं प्रत्येक बिंदु को भलीभांति समझें जिससे पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य के लिए गुणवत्तापूर्ण, त्रुटीरहित प्रशिक्षण प्रदान किया सके एवं किसी भी कार्य की पूर्णता एवं परिणाम उस दल की निचले स्तर पर लगे कर्मचारी की क्रियाशीलता व प्रदर्शन पर निर्भर करती है। इसलिए जनगणना कार्य के जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का दक्षतापूर्ण प्रशिक्षण जनगणना कार्य का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन होने के लिए महत्वपूर्ण है। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लागू करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी व उप जिला कलक्टर धौलपुर एवं उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक आर्थिक व सांख्यिकी विभाग उपस्थित रहे। उप जिला जनगणना अधिकारी राजेश कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि फील्ड ट्रेनर्स, आगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देते समय पूर्ण जिम्मेदारी एवं सावधानी बरतें, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता उच्च स्तर की बनी रहे और जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे ।

## पगड़ी में सीएम के आदेश लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा बुजुर्ग, स्कूल भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग तेज

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के राजाखेड़ा स्थित राजकीय बालिका विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। वर्षों से कार्रवाई नहीं होने से परेशान 75 वर्षीय फरियादी दीवान सिंह दिवाकर एवं ओम प्रकाश शर्मा (सेवानिवृत्त नर्सिंग अधीक्षक) ने अनोखे अंदाज में प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। दोनों फरियादी मुख्यमंत्री के कई बार जारी आदेशों की प्रतियां पगड़ी में संजोकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और 'मुख्यमंत्री का आदेश सिर माथे' बताते हुए सवाल उठाया कि जब उच्च स्तर से निर्देश जारी हो चुके हैं तो जमीनी स्तर पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। उन्होंने बार-बार प्रशासन से पूछा कि आखिर अतिक्रमण कब हटेगा और विद्यालय अपनी भूमि पर कब बनेगा। फरियादियों ने बताया कि वर्षों बाद विद्यालय भूमि का सीमांकन हुआ और अतिक्रमण की पुष्टि भी हो चुकी है। नाप-जोख की प्रक्रिया में करीब 30 हजार रुपए भी खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की जमीन पर कब्जा होने के कारण छात्राओं को करीब तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं पास स्थित महात्मा गांधी गोपीनाथ विद्यालय (कक्षा 1 से 12) भी मात्र एक कमरे में संचालित हो रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। दीवान सिंह दिवाकर ने कहा कि वे अनुसूचित जाति से हैं और जनहित में आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि यदि किसी को आपत्ति है तो वह शिक्षा के लिए अपनी जमीन दान कर दे। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। फरियादियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः मुख्यमंत्री से मिलकर उच्च स्तर पर शिकायत करेंगे।

## आज धौलपुर में मनाया जाएगा 77वां राजस्थान पुलिस दिवस, एसपी लेंगे परेड की सलामी




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पुलिस का 77वां स्थापना दिवस 16 अप्रैल को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस लाइन धौलपुर में आयोजित होगा, जहां सुबह 7 बजे पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) परेड की सलामी लेंगे और उत्कृष्ट सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि पुलिस दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 16 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसकी शुरूआत बुधवार को जिलेभर के पुलिस थानों, चौकियों और कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। इसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पुलिस थानों का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को थाना अधिकारी कक्ष, एचएम कक्ष, मालखाना और कंप्यूटर कक्ष सहित विभिन्न शाखाओं की जानकारी दी गई। साथ ही एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों तथा महिला हेल्प डेस्क व साइबर डेस्क के कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों के मन में पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उनकी शंकाओं का समाधान करना है। इसी क्रम में पुलिस लाइन के सभागार में स्कूली विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 114 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को 16 अप्रैल की शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह के तहत सुबह परेड के बाद पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सेवा चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राजस्थान पुलिस दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## खबर का असरः 'जब छपी खबर, तब जागी पालिका!

### मंत्री के गृह क्षेत्र में गंदगी पर मचा हड़कंप, महावीर कॉलोनी में शुरू हुई सफाई

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** वार्ड नंबर 18 की महावीर कॉलोनी में फैली गंदगी और बदहाल हालात को लेकर उठी आवाज आखिरकार रंग लाई। मीडिया में खबर प्रकाशित होते ही नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया और जिस कॉलोनी में महीनों से नालियां उफान पर थीं, सड़कों पर गंदा पानी बह रहा था, वहां अचानक सफाई अभियान शुरू कर दिया गया। गौरतलब है कि यह इलाका सुमेरपुर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का गृह क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में यहां फैली गंदगी और अव्यवस्था ने प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए थे। खबर सामने आते ही पालिका की टीम मौके पर पहुंची और आनन-फानन में नालियों की सफाई, कचरे का उठाव और पानी निकासी का काम शुरू किया गया।

#### महीनों की परेशानी, एक खबर के बाद समाधानः

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से गंदगी, बदबू और जलभराव की समस्या से जूझ रहे थे। कई बार शिकायतें करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिला, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। 'मच्छरों का आतंक, बीमारियों का डर और घर से निकलना मुश्किल–यही हमारी रोजमर्रा की जिंदगी बन गई थी,' एक निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा।

#### समस्या जस की तस, ना सड़क, ना नालीः

हालांकि फिलहाल सफाई से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन समस्या की असली वजह अभी भी बरकरार है। कॉलोनी में आज तक न तो सीसी सड़क बनी है और न ही पक्की नालियों का निर्माण हुआ है। ऐसे में थोड़ी सी बारिश या घरों का पानी का बहाव होते ही गलियां फिर से तालाब बन जाती हैं।

#### सिर्फ दिखावा नहीं, स्थायी समाधान चाहिएः

कॉलोनीवासियों ने साफ कहा कि यह कार्रवाई केवल खबर के दबाव में की गई दिखती है। यदि स्थायी समाधान–सीसी सड़क और नाली निर्माण–नहीं हुआ, तो हालात फिर पहले जैसे हो जाएंगे। लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अब केवल औपचारिक सफाई से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस विकास कार्य कराने होंगे।

#### बड़ा सवालः क्या खबर के बिना नहीं जागता सिस्टमः

सबसे अहम सवाल यही है कि क्या प्रशासन केवल मीडिया के दबाव में ही काम करेगा? जब मंत्री के गृह क्षेत्र का यह हाल है, तो शहर के अन्य वार्डों की स्थिति क्या होगी–इसका अंदाजा सहज लगाया जा सकता है।

#### जनता का गुस्सा अभी शांत नहींः

हालांकि फिलहाल सफाई अभियान से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन लोगों का आक्रोश पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। वे अब भी जवाब मांग रहे हैं– 'क्या यह सुधार स्थायी रहेगा या फिर कुछ दिनों बाद फिर वही गंदगी लौट आएगी? ' अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि यह कार्रवाई सिर्फ दिखावा साबित होती है या वास्तव में वार्ड-18 की तस्वीर बदलती है।

## धौलपुर जिला स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी निकाली, अनेक कार्यक्रमों की रही धूम




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर ने अपना स्थापना दिवस को गौरव, उत्साह और विकास की झलकियों के साथ मनाया। प्रभात फेरी के शुरुआत में धौलपुर जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले की ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण, पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जिले को सदैव स्वच्छ, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए सदैव प्रत्यनशील, जाति, धर्म, लिंग व भाषा के आधार पर कभी भेदभाव नहीं करने, बाल विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों का विरोध, कभी-भी तम्बाकू और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों का सहयोग करने का संकल्प लिया। सुबह 7:30 बजे प्रभात फेरी की शुरुआत से दिन का शुभारंभ हुआ। इस प्रभात यात्रा में सरकारी अधिकारियों से लेकर छात्र-छात्राओं, एनएसएस-एनसीसी, स्काउट-गाइड, पुलिस और आम नागरिकों ने कदम से कदम मिलाए। स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त धौलपुर के संदेश के साथ निकली यह फेरी जिले के बदलते मानस की प्रतिनिधि बन गई। कचहरी प्रांगण से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई प्रभात फेरी केवल एक परंपरागत आयोजन नहीं, बल्कि जिले के विकास पथ पर चलने की एक प्रतीकात्मक यात्रा थी। इस प्रभात फेरी को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गगनचुंबी नारों, देशभक्ति गीतों और सजे-धजे प्लकार्ड के साथ निकली यह प्रभात फेरी जनभागीदारी का जीवंत दृश्य बन गई। इसमें आम नागरिकों से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों, विद्यार्थियों, कैडेट्स, होमगार्ड, सफाई कर्मियों और अन्य समाजसेवकों ने उत्साह से भाग लिया। स्काउट-गाइड, एएनएम व जीएनएम प्रशिक्षणार्थियों ने रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और रचनात्मक नारों से वातावरण को जीवंत कर दिया। प्रभात फेरी के माध्यम से स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध और पर्यावरण संरक्षण जैसे संदेशों को आमजन तक पहुँचाया गया। सड़कें गुलजार थीं, मनों में उत्साह और आँखों में उम्मीदें थीं।

## बागोड़ा तहसीलदार को सायला तहसीलदार का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**जालोर(निस)।** जालोर जिला कलक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे ने बुधवार को एक आदेश जारी करते हुए बागोड़ा तहसीलदार रामलाल को सायला तहसीलदार का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इससे पहले सायला की नायब तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी बतौर तहसीलदार अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही थीं। हाल ही में आसाणा में एक जमीन खरीद मामले में गड़बड़ी व धोखाधड़ी होने का प्रकरण सामने आने के बाद यहां मामला गरमाया हुआ था।


### नाम परिवर्तन

मैं भवानी सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गांव चरला, तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू का हूं, जो कि मेरी पत्नी सुमन कंवर (SUMAN KANWAR) का नाम भूलवश आर्मी रिकॉर्ड में सुमन कवर U(SUMAN KAWAR) अंकित हो गया, जबकि मेरी पत्नी की सही नाम सुमन कंवर (SUMAN KANWAR) है, जिसे अब में संशोधित करवाकर सही करवाना चाहता हूं।

### नाम संशोधन सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या 3928876 में मेरा नाम मोहम्मद वारिश गौरी (MOHAMMED WARIS GAURI) दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम एम डी वारिश गौरी (M D WARIS GAURI) जो सही है।
भविष्य में मुझे मेरे सही नाम एम डी वारिश गौरी पिता रफीक अहमद गौरी (RAFIQ AHMED GAURI ) के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**अहतानूलक गौरी पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला गौरी, निवासी गौरी कॉलोनी चूरू ,तहसील व जिला चूरू (राजस्थान)**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार 16 अप्रेल, 2026

## नूवां में प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गांव नूवां की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में बुधवार को मेधावी विद्यार्थियों व भामाशाहों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य पद्मश्री शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमानप्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि नागरमल प्रजापत, हंसराज, अमरसिंह, विकास गोदारा रहे। भामाशाह प्रेरक अशोक आलड़िया ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में पानी की आवश्यकता को देखते हुए भामाशाह से स्कूल के लिए ट्यूबवेल की मांग की है, जिस पर हनुमानप्रसाद सारस्वत व नागरमल प्रजापत ने इस मांग को स्वीकार करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। वहीं कक्षा 12 में छात्रा राजकंवरी, ममता प्रजापत, करीना, खुशी कंवर व निकिता, कक्षा 10 में योगेश, निकिता व मायावती, कक्षा आठ में अंकित, सोहनसिंह, कविता, कक्षा पांच में कोमल कंवर, देवराज व रूप कंवर का अतिथियों ने सम्मान किया। वहीं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रूप कंवर का अभिनंदन भी किया गया। इसके पश्चात नामांकन रैली का आयोजन किया गया, जो स्कूल प्रांगण से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गों से गुजरी। इस अवसर पर निलेश इंदौरिया, बलवीरसिंह थोरी, नरेश कुमार, रामगोपाल प्रजापत, देवकरण, सुनील सैनी, मीना, दिनेश चोटिया, कविता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## आज जयपुर में जनसुनवाई का बड़ा मंच, कलेक्ट्रेट में सीधे सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें जिलेभर से आए लोग अपनी परिवेदनाएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकेंगे। इस जनसुनवाई में जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही समस्याओं के समाधान के प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इसके साथ ही जिले के सभी उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों की समस्याओं का भी त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई कार्यक्रम से पूर्व सुबह 10 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समिति के समक्ष दर्ज प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम तय किए जाएंगे। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है और समाधान की प्रक्रिया में तेजी आती है। यह पहल प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## प्रेमनगर में 74.69 लाख से बनेगी सीसी सड़क, 10 हजार लोगों को मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** कस्बे के निकट प्रेमनगर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। पांचुडाला एमडीआर रोड से प्रेमनगर के कुम्हारों के मोहल्ले होते हुए सीमावतया-कारोली सीमा तक करीब 1 किलोमीटर लंबी एवं 3.75 मीटर चौड़ी सीसी सड़क के निर्माण को मंजूरी मिली है। इस पर 74 लाख 69 हजार रुपए की लागत आएगी। यह स्वीकृति विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ की अनुशंसा पर जारी हुई है। सड़क निर्माण से क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों सहित आसपास के गांवों के करीब 10 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास केरोड़ी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामकरण यादव ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासी कच्चे और क्षतिग्रस्त मार्ग से परेशान थे। बरसात के दिनों में रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता था, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत होती थी। अब सीसी सड़क बनने से लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस मार्ग के निर्माण से विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आमजन को विशेष लाभ होगा। साथ ही प्रेमनगर और कारोली गांव के बीच संपर्क भी बेहतर होगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। इससे विकास की नई राह खुलेगी और आमजन को राहत मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास केरोड़ी, रामकरण यादव सहित प्रेमनगर व आसपास के ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

## 29 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में विद्याधर नगर, मणिपाल अस्पताल, सेन्ट्रल स्पाईन सेक्टर-5 विद्याधर नगर, रोड़ 17 विश्वकर्मा एरिया, चैमू पुलिया, सेक्टर-16 प्रताप नगर, द्वारकापुरी सर्किल, बम्बाला पुलिया गोवर्धन नगर ऑफिस के बाहर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 29 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में विद्याधर नगर, मणिपाल अस्पताल, सेन्ट्रल स्पाईन सेक्टर-5 विद्याधर नगर, रोड़ 17 विश्वकर्मा एरिया, चैमू पुलिया, सेक्टर-16 प्रताप नगर, द्वारकापुरी सर्किल, बम्बाला पुलिया गोवर्धन नगर ऑफिस के बाहर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्वाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 29 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया।

# आईपीएल के आयोजन के लिए समस्त आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित हो : संदेश नायक

### जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग की ओर से आईपीएल 2026 के आयोजन के सम्बन्ध में प्रदत्त निर्देशों व जयपुर में आईपीएल के आयोजन के दौरान दर्शकों की सुरक्षा सहित आयोजन से जुड़े सभी इंतजामों के लिए समस्त निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने राज्य मानवाधिकार आयोग की ओर से आईपीएल 2026 के आयोजन के संबंध में प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्थान रॉयल्स के प्रबंधक, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्‌च व बीसीसीआई के प्रतिनिधियों को दिए हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, अव्यस्क बच्चों, नन्हें बालकों के लिए यथायोग्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने, दिव्यांगों के लिए दर्शक दीर्घा पहुंचने के लिए पृथक से रेम्प की व्यवस्था करना, दिव्यांगों के लिए शौचालयों की व्यवस्था करना, पश्चिम ब्लॉक क्षेत्र में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु रेम्प की व्यवस्था करना, उचित मूल्य पर मैच टिकट उपलब्धता सुनिश्चित करना, सुरक्षा की दृष्टि आकस्मिक आपात व्यवस्था सुनिश्चित करना दिन के समय आयोजित होने वाले मैचों में दर्शकों के लिए निःशुल्क पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जिला रसद अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मैच के आयोजन के दौरान परोसे जाने वाले भोजन व अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांच करने एवं अस्थाई रसोइयों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सहयोग व समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा एवं बचाव की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने व क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को स्टेडियम में एंबुलेंस मय प्रशिक्षित चिकित्सकीय दल की तैनाती करने, अलग-अलग स्थानों पर मेडिकल कियोस्क स्थापित करने, स्वच्छता व्यवस्था व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं, सुरक्षा की दृष्टि से दर्शकों की सघन तलाशी करने, आयोजन स्थल पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन वाहनों व यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, दिव्यांगों के दर्शक दीर्घा तक पहुंचने के लिए पृथक से रैम्प व शौचालय की व्यवस्था, आईपीएल के दौरान भीड़ नियंत्रण, आपात स्थिति में बचाव कार्य सहित अन्य जरूरी व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे चप्पे पर आवश्यकतानुसार डीक्यूआरटी टीम मय महिला स्वयंसेवक, सुरक्षा गार्डों और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों की तैनाती करने के निर्देश उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी को प्रदान किए हैं। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को संपूर्ण आयोजन के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। बैठक में अतिरिक्ति जिला कलक्टर युगान्तर शर्मा अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूण्ड अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार सहित बीसीसीआई व राजस्थान रॉयल्स के प्रतिनिधि, पुलिस विभाग, नगर निगम, चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नागरिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नेशनल गेम्स नागपुर में सिल्वर मेडल जीतने पर मुक्केबाज फगेड़िया का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निस)।** द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडमी, राजगढ़ में मंगलवार देर शाम आयोजित अभिनंदन समारोह में सैकड़ों खेल प्रेमियों ने पहुंचकर युवा बॉक्सर गजल फगेड़िया का जोरदार स्वागत किया। महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित सातवीं नेशनल बॉयज-गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप (अंडर-17) में 60 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर गजल ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लंबोर गांव की प्रतिभाशाली मुक्केबाज गजल के राजगढ़ आगमन पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर दिलीप पूनिया ने की। समारोह में पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया, जोगेंद्र झझड़िया, धर्मचंद गोदारा, रायसिंह गोदारा, मानसिंह राठौर, रामचंद्र सिंह राठौड़ सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में गजल फगेड़िया के परिजन दादा अंतर सिंह फगेड़िया, माता निर्मला चौधरी व पिता विजेंद्र सिंह फगेड़िया—का भी सम्मान किया गया। जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष विवेक पूनिया, एडवोकेट गायत्री पूनिया, कोच निशांत मांगला, बलबीर स्वामी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण महिलाओं ने माल्यार्पण, साफा बांधकर व उपहार भेंट कर खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी चीफ कोच अनूप कुमार बघेला का भी विशेष सम्मान किया गया। गजल ने अपना मेडल अपने कोच को समर्पित करते हुए कोच अनूप कुमार बघेला और रोहित टोकस को अपनी सफलता का श्रेय दिया।

समारोह में वक्ताओं ने खेलों के महत्व, रोजगार के अवसर, शारीरिक फिटनेस और आत्मरक्षा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गजल फगेड़िया ने कहा कि खेल हो या शिक्षा, 100 प्रतिशत समर्पण से ही सफलता मिलती है। उन्होंने क्षेत्र की बालिकाओं से खेलों में आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन मनोज पूनिया ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, छात्र-छात्राएं और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## गैस संकट से थमे ऑटो के पहिए, सरदारशहर में सैकड़ों चालकों की रोजी पर संकट

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में एलपीजी गैस की किल्लत ने ऑटो चालकों की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। गैस नहीं मिलने से एलपीजी से चलने वाले ऑटो घरों में खड़े हो गए हैं और चालकों की रोजी-रोटी पर गहरा संकट खड़ा हो गया है। परेशान ऑटो चालकों ने चूरू जिला ऑटो चालक संघ के बैनर तले एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

ज्ञापन में चालकों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से एलपीजी गैस की भारी कमी बनी हुई है, जिससे उनके ऑटो पूरी तरह बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। गैस नहीं मिलने के कारण कई चालकों ने अपने वाहन घरों पर खड़े कर दिए हैं। इससे उनकी दैनिक आय पूरी तरह ठप हो गई है और परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में गैस ब्लैक में महंगे दामों पर मिल रही है, जिसे खरीदकर ऑटो चलाना उनके लिए संभव नहीं है। महंगी गैस लेने पर कमाई से ज्यादा खर्च होने की स्थिति बन रही है।

इसके अलावा अधिकांश ऑटो चालकों ने अपने वाहन फाइनेंस पर ले रखे हैं। गैस की किल्लत के कारण आय बंद होने से वे मासिक किस्त जमा नहीं कर पा रहे हैं। फाइनेंस कंपनियों द्वारा किस्त जमा कराने का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे चालक मानसिक और आर्थिक दोनों तरह की परेशानियों से जूझ रहे हैं।

ऑटो चालकों ने एसडीएम से मांग की कि शहर में एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और ब्लैक मार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि वे पुनः अपने ऑटो संचालित कर सकें और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

इस दौरान संघ के अध्यक्ष प्रकाश भोजक, उपाध्यक्ष श्रवण माली, सचिव हनुमान जाट, ओम प्रकाश, बाबूलाल, कालूराम, मुकेश लोहार, सलीम खान सहित बड़ी संख्या में ऑटो चालक मौजूद रहे।

## राजस्थान पेट्रो ज़ोन से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति, मजबूत होगा औद्योगिक इकोसिस्टम - मुख्य सचिव

**जयपुर (कास.)**मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए रिफाइनरी एवं उससे जुड़े डाउनस्ट्रीम उद्योगों के बीच मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान पेट्रो ज़ोन (आरपीजेड), बालोतरा में रिफाइनरी से प्राप्त फीडस्टॉक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौते को अंतिम रूप देने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में एचआरआरएल, डाउनस्ट्रीम उद्योगों एवं राज्य सरकार के बीच प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौते के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार एवं एचपीसीएल के संयुक्त उद्यम के रूप में पचपदरा (बालोतरा) में 9 एमएमटीपीए क्षमता की पेट्रोलियम रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (आरपीसी) स्थापित किया जा रहा है, जिसका संचालन एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) द्वारा किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग विभाग श्री शिखर अग्रवाल ने बताया कि रीको द्वारा एचआरआरएल रिफाइनरी के पास आरपीजेड का विकास किया गया है। इस पेट्रो ज़ोन के माध्यम से रिफाइनरी के उप-उत्पादों एवं फीडस्टॉक की आपूर्ति के लिए एक प्रभावी और सुव्यवस्थित तंत्र विकसित किया जाएगा। एचआरआरएल द्वारा उत्पादित प्रमुख फीडस्टॉक का उपयोग आरपीजेड में स्थापित डाउनस्ट्रीम उद्योगों द्वारा किया जाएगा। इन उत्पादों के आधार पर आरपीजेड में प्लास्टिक, रसायन एवं अन्य संबंधित उद्योगों के व्यापक विकास की संभावनाएँ सृजित होंगी, जिससे क्षेत्र में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## मीरा निकेतन की मेधावी छात्रा भावना सैनी को सरदारशहर टॉप करने पर मिली स्कूटी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांधी विद्या मंदिर संस्थान की ओर से संचालित मीरा निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय का प्रतिभा सम्मान समारोह बुधवार को राममंच सभागार में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय के उन मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और शहर का नाम रोशन किया है। समारोह का मुख्य आकर्षण कक्षा 10 की छात्रा भावना सैनी पुत्री धीरेंद्र सैनी ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में पूरे सरदारशहर ब्लॉक में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान की ओर से उन्हें स्कूटी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम रामकुमार वर्मा, सीबीओ सुभाष सोनगरा, जीवीएम अध्यक्ष हिमांशु दूगड़ ने छात्रा को स्कूटी की चाबी सौंपी। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 8, 10 और 12 में विशेष योग्यता व अच्छे अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्र छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जीवीएम सचिव ब्रिगेडियर अजय पति त्रिपाठी, रामप्रसाद पारीक, प्रो देवेन्द्र मोहन, ओमप्रकाश खाती, मनोज शर्मा व कपिल सैनी सहित मीरां निकेतन स्टाफ व बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहें। प्रधानाचार्य रामकुमार स्वामी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री की अगुवाई में चला गिव अप अभियान, 81 लाख पात्र लोगों के चेहरों पर आई मुस्कान : गोदारा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (कास.)**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जुड़े नए लाभार्थियों से बुधवार को बीकानेर जिले की नोखा नगरपालिका के सभागार में संवाद किया तथा उन्हें खाद्य सुरक्षा अधिकार पत्र सौंपे। यहां आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम में लाभार्थियों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़ने के पश्चात बड़ी संख्या में लाभार्थी यहां पहुंचे और इस राहत के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और खाद्य मंत्री का आभार जताया। सभी लाभार्थियों ने खाद्य मंत्री का भव्य अभिनन्दन किया। सभा को संबोधित करते हुए गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश हैं कि मंत्री अपनी विधानसभा सहित समूचे क्षेत्र में जाएं और सरकार की उपलब्धियां बताने के साथ आमजन की समस्याएं सुनें। उन्होंने कहा कि नोखा उनका ननिहाल है। इस नाते यहां के लोगों के सुख-दुःख में भी वे हमेशा उनके साथ रहेंगे। साथ ही, यहां के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने यहां से जुड़ी यादें साझा की और कहा कि यहां के लोग अपनी प्रत्येक समस्या से उन्हें अवगत करवाएं। इनका समयबद्ध समाधान करवाया जाएगा। गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश के 4 करोड़ 46 लाख लोगों को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने खाद्य मंत्री का दायित्व संभाला तो समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ संपन्न लोग भी इसका लाभ ले रहे हैं। इसे ध्यान रखते हुए प्रदेश में 1 नवंबर, 2024 को युवक अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार के इस अभियान से प्रेरित होकर 55 लाख लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए का लाभ छोड़ तथा 27 लाख में ई-केवाईसी नहीं करवाई। इस प्रकार कुल 82 लाख लोगों पात्र लोगों को लाभ की राह बनी। गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 26 जनवरी, 2025 को एनएफएसए का पोर्टल चालू किया। अब तक 81 लाख पात्र लोगों को इससे जोड़ा जा चुका है तथा वर्तमान में भी पोर्टल खुला है। गोदारा ने बताया कि बीकानेर में 2 लाख 73 हजार लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए का लाभ छोड़ा तथा अब तक एक लाख 70 हजार लोगों को इसका लाभ दिया जा चुका है। वहीं नोखा में 54 हजार लोगों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा तो 25 हजार नए नए लाभार्थियों को जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि एनएफएसए में जुड़े लाभार्थियों को गेहूं के अलावा रसोई गैस सिलेंडर, आरोग्य आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क इलाज तथा पांच लाख रुपए तक का बीमा भी मिलने लगा है। गोदारा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी राजस्थान के इस प्रयास को सराहा। गोदारा ने कहा कि हाल ही में पेट्रोल-डीजल की वैश्विक किल्लत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतरीन मॉनिटरिंग की। वहीं राजस्थान में भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर प्रयास हुए। आज प्रदेश में 98 प्रतिशत डिलीवरी डीएससी तथा ओटीपी के माध्यम से हो रही है, जो कि देशभर में सर्वाधिक है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र को विकसित और शिक्षित बनाने की दिशा में सुनियोजित कार्य किया जा रहा है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।